दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 69 जयपुर, शनिवार, 17 फरवरी, 2024 | माघ, शुक्ल पक्ष- अष्टमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### अश्विन ने रचा इतिहास... टेस्ट में पूरे किए 500 विकेट



**राजकोट।** भारत-इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे राजकोट टेस्ट मैच में ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इतिहास रच दिया है। अश्विन ने टेस्ट में 500 विकेट पूरे कर लिए हैं। अश्विन ने मुकाबले के दूसरे दिन शुक्रवार को जैक क्राउली को आउट करके ये ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। अश्विन टेस्ट में 500 विकेट का आंकड़ा छूने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। अश्विन ने 98वें टेस्ट मैच में ये उपलब्धि हासिल की है। टेस्ट में सबसे तेज 500 विकेट लेने का रिकॉर्ड मुथैया मुरलीधरन के नाम है, जिन्होंने 87वें टेस्ट में यह अनोखी उपलब्धि हासिल की थी।

### RBI से पेटीएम बैंक को मिली 15 दिन की मोहलत



**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को शुक्रवार को मामूली राहत दी। केंद्रीय बैंक ने पेटीएम पर प्रतिबंध लागू होने की डेडलाइन 15 दिन के लिए बढ़ाई है। अब पेटीएम बैंक, पेटीएम वॉलेट, फास्टैग और अन्य ऑनलाइन डिपॉजिट पर 15 मार्च तक कोई रोक नहीं है। आरबीआई ने पहले निर्देश दिया था कि पेटीएम बैंक में 29 फरवरी के बाद कोई नया डिपॉजिट नहीं किया जा सकता है। पेटीएम फाउंडर विजय शेखर शर्मा ने X पोस्ट में लिखा कि पेटीएम क्यूआर, साउंडबॉक्स और ईडीसी (कार्ड मशीन) 15 मार्च के बाद भी हमेशा की तरह काम करते रहेंगे।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार
की प्रति प्राप्त
करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर
अपना पता नोट करवाएं।

**मौसम सैटेलाइट INSAT-3DS आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से भरेगा उड़ान... राहत-बचाव के काम में करेगा मदद**

# ‘नॉटी बॉय’ की लॉन्चिंग आज... आपदा से पहले मिलेगी सूचना

एजेंसी | बेंगलुरु

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) चंद्रयान-3 और आदित्य एल-1 के बाद एक और मिशन की तैयारी में जुटा है. इसरो शनिवार को मौसम सैटेलाइट INSAT-3DS लॉन्च करेगा। खास बात ये हैं कि इस सैटेलाइट को जिस रॉकेट से लॉन्च किया जाएगा, उसे भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी का ‘नॉटी बॉय’ कहा जाता है। INSAT-3DS सैटेलाइट से बेहतर मौसम पूर्वानुमान और आपदा संबंधी जानकारी मिल सकेगी। जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (GSLV) शनिवार शाम 5:35 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से INSAT-3DS सैटेलाइट के साथ उड़ान भरेगा। इस रॉकेट को इसरो के एक पूर्व अध्यक्ष ने ‘नॉटी बॉय’ कहा था। दरअसल, रॉकेट ने अब तक 15 लॉन्चिंग में हिस्सा लिया है, लेकिन 6 में इसने सटीक नतीजे नहीं दिए। इस रॉकेट का फेलियर रेट 40% है। जीएसएलवी की आखिरी लॉन्चिंग 29 मई, 2023 को हुई थी, जो सफल रही थी। हालांकि, इससे पहले 12 अगस्त, 2021 को हुआ प्रक्षेपण असफल रहा था। वहीं, इसरो का दूसरा जीएसएलवी मार्क -3, जिसे ‘बाहुबली रॉकेट’ भी कहते हैं, इससे 7 लॉन्चिंग की गई हैं। ये सभी सफल रही हैं, जबकि इसरो के पीएसएलवी की 60 यात्राओं में सिर्फ तीन विफल रहीं। इसका सक्सेस रेट 95% है।



**मिलेगी सटीक जानकारी:** इसरो के मुताबिक, ये सैटेलाइट अपनी कक्षा में पहुंचने के बाद मौसम संबंधी बेहतर जानकारी, मौसम की भविष्यवाणी और आपदा चेतावनी की निगरानी आसानी से कर सकेगा। इसे इसरो ने भूमि और महासागर सतहों की निगरानी करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसरो ने बताया कि यह सैटेलाइट बहुत खास है, इसकी भारत को बहुत जरूरत है। इससे मौसम और जलवायु निगरानी को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

### वजन 2,274 किलोग्राम, लागत 480 करोड़

INSAT-3DS सैटेलाइट का वजन 2,274 किलोग्राम है। इसे लगभग 480 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। इसरो ने कहा कि यह पूरी तरह से पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा बनवाया गया है। इनसैट 3 सीरीज के सैटेलाइट में 6 अलग-अलग प्रकार के जियोस्टेशनरी सैटेलाइट्स हैं। यह 7वां सैटेलाइट है। इनसैट सीरीज के पहले के सभी सैटेलाइट्स को साल 2000 से 2004 के बीच लॉन्च किया गया था। इससे संचार, टीवी ब्रॉडकास्ट और मौसम संबंधी जानकारी मिल रही थीं। इन सैटेलाइट्स में 3ए, 3डी और 3डी प्राइम सैटेलाइट के पास मौसम संबंधी आधुनिक यंत्र लगे हैं।

### अभी तीन मौसम सैटेलाइट कर रहे हैं काम

भारत के पास वर्तमान में तीन मौसम सैटेलाइट हैं। इनमें INSAT-3D, INSAT-3DR, और OceanSat शामिल हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के उपग्रह मौसम विज्ञान प्रभाग के परियोजना निदेशक डॉ. अशीम कुमार मित्रा ने कहा कि इनसैट 3 डी 2013 से काम कर रहा है। अब इसका जीवन खत्म होने वाला है। इसलिए नए सैटेलाइट की जरूरत थी।

**मोदी की प्रदेशवासियों को 17000 करोड़ की सौगात**

# पहले थी घोटालों की चर्चा अब ‘विकसित राजस्थान’ की

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में लोकसभा चुनाव से पहले एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ‘मोदी की गारंटी’ वाला दांव चला। पीएम मोदी शुक्रवार को 17000 करोड़ रुपए की लागत वाली विकास परियोजनाओं के लोकार्पण, उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने राजस्थान के 200 विधानसभा क्षेत्रों से जुड़े लाभार्थियों को वर्चुअली संबोधित किया। पीएम मोदी ने विकास योजनाओं की सौगात देते हुए आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भी जनता से सीधा संवाद करने की कोशिश की। उन्होंने बीजेपी की केंद्र और राजस्थान में डबल इंजन सरकारों के काम का जिक्र किया और विकसित भारत - विकसित राजस्थान के नारे के साथ मोदी की गारंटी का हवाला भी दिया। उन्होंने कहा कि लोग कहते हैं कि ‘मोदी की गारंटी’ यानी गारंटी पूरी होने की गारंटी।



**पीएम ने किया 200 विधानसभा क्षेत्रों से जुड़े लाभार्थियों को वर्चुअली संबोधित**

### कांग्रेस का सिर्फ एक एजेंडा मोदी का विरोध

इस मौके पर पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के पास सिर्फ एक एजेंडा है। मोदी विरोध, घोर मोदी विरोध। ये मोदी विरोध में समाज को बांटने की साजिश रचते हैं। मोदी ने कहा कि जब कोई पार्टी भाई-भतीजावाद और वंशवाद की राजनीति के दुष्चक्र में फंस जाती है तो उसके साथ ऐसा ही होता है। आज हर कोई कांग्रेस का साथ छोड़ रहा है। क्योंकि कांग्रेस में सिर्फ एक परिवार ही दिखता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के साथ एक बड़ी समस्या यह है कि उसमें सकारात्मक नीतियां बनाने की दूरदर्शिता का अभाव है। कांग्रेस न तो भविष्य देख सकती है और ना ही उसके पास इसके लिए कोई रोडमैप है।

### हर महीने 300 यूनिट बिजली मुफ्त

पीएम मोदी ने कहा कि राजस्थान पर सूर्य देव की असीम कृपा है। इसीलिए राजस्थान को बिजली उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के लिए डबल इंजन की सरकार तेजी से कम कर रही है। यहां एक सोलर पावर प्लांट का लोकार्पण और दो पावर प्लांट का शिलान्यास हुआ है। इन प्लांट्स से बिजली तो मिलेगी ही हजारों नौजवानों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि हर परिवार अपने घर पर सौर ऊर्जा पैदा करें और अतिरिक्त बिजली बेच कर कमाई भी करें। इसके लिए केंद्र की बीजेपी की सरकार ने पीएम सूर्य घर योजना शुरू की है। इस योजना का मतलब है ‘मुफ्त बिजली योजना’। पीएम मोदी ने कहा कि पीएम सूर्य घर योजना के तहत देश के हर एक परिवारों को जोड़ा जाएगा। राजस्थान सरकार ने भी 5 लाख परिवारों को जोड़ने की योजना बनाई है। जब 5 लाख घरों की छतों पर सोलर पैनल लगेंगे तो हर परिवार को 300 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी। साथ ही अतिरिक्त बिजली उत्पादन करके उसे बेचकर रुपए भी कमाए जा सकेंगे। इस योजना का सीधा लाख मध्यम और निम्न मध्यम परिवारों को मिलेगा।

### राजस्थान में बढ़ेगा निवेश, लगेंगे कारखाने और मिलेगा रोजगार

- अपने 26 मिनट के संबोधन में पीएम मोदी ने प्रदेश की भाजपा सरकार की ओर से तेजी से विकास कार्य करने पर बधाई देते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार तेजी से विकास कार्य कर रही है। मोदी ने कहा कि जिस रफ्तार से राजस्थान की सरकार कार्य कर रही है। उससे साफ है कि राजस्थान में निवेश बढ़ेगा। नए नए कारखाने लगेंगे, जिससे हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। जब नई रेल लाइनें बिछेंगी, सड़कें बनेगी, हर घर तक पानी और गैस पाइप लाइन बिछेंगी। तब निर्माण से जुड़े हर बिजनेस का रोजगार बढ़ेगा।

### बेहतर होगी कनेक्टिविटी

पीएम मोदी ने कहा कि आज जिन सड़कों का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। उससे कोटा, उदयपुर, टोंक, सवाई माधोपुर, बूंदी, अजमेर, भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ की कनेक्टिविटी और बेहतर होगी। इतना ही नहीं, इन सड़कों से हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र और दिल्ली से कनेक्टिविटी भी सशक्त होगी। रेलवे के विद्युतीकरण से लेकर मरम्मत तक के अनेक प्रोजेक्ट के लोकार्पण से बांदीकुई से आगरा फोर्ट रेलवे लाइन के दोहरीकरण का काम पूरा होने के बाद मेहंदीपुर बालाजी और आगरा आना-जाना और आसान हो जाएगा। जयपुर में खातीपुरा स्टेशन के शुरू होने से अब ज्यादा ट्रेनें चल पाएंगी। इससे यात्रियों को सुविधा होगी।

**चुनाव से पहले मिली राहत**

# आयकर विभाग ने कांग्रेस के सभी फ्रीज खाते खोले

एजेंसी | नई दिल्ली

इनकम टैक्स विभाग के अपीलीय प्राधिकरण ने शुक्रवार दोपहर कांग्रेस के सभी फ्रीज खाते खोल दिए। इससे पहले कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने केंद्र पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार के इशारे पर इनकम टैक्स विभाग ने पार्टी के सभी बैंक खाते फ्रीज कर दिए, जिसका मतलब है कि लोकतंत्र के सारे दरवाजे बंद कर दिए गए हैं। एक दो हफ्ते में चुनाव की घोषणा होनी है। ऐसे में ऐसा करना तानाशाही है। माकन ने कहा कि इनकम टैक्स विभाग ने पार्टी से 210 करोड़ की रिकवरी मांगी है। हमारे खातों में क्राउडफंडिंग का पैसा फ्रीज कर दिया गया है। चुनाव से ठीक 2 हफ्ते पहले जब विपक्ष के खाते फ्रीज कर दिए जाते हैं, तो यह लोकतंत्र को फ्रीज करने के बराबर है।

अजय माकन ने सवाल पूछा कि क्या देश में एक ही पार्टी का शासन रहेगा? खाते को डीफ्रीज करने के लिए आयकर अपीलीय प्राधिकरण से संपर्क किया गया है। आयकर विभाग ने पार्टी से 210 करोड़ रुपए की मांग की है। माकन ने कहा कि उन्हें 2018-19 के लिए अपना आईटी रिटर्न 31 दिसंबर, 2019 तक दाखिल करना था, लेकिन पार्टी 40-45 दिनों की देरी से रिटर्न फाइल किया था। उन्होंने कहा कि यह पूरा पैसा क्राउड फंडिंग के जरिए आया था। इसमें किसी भी तरह का हेरफेर नहीं है।



### भारतीय लोकतंत्र पर गहरा हमला: खरगे



कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के खाते फ्रीज करने का कदम भारतीय लोकतंत्र पर गहरा हमला है। खरगे ने एक्स पर लिखा कि सत्ता के नशे में मोदी सरकार ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के खाते फ्रीज कर दिए हैं। यह भारत के लोकतंत्र पर गहरा हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा द्वारा एकत्र किए गए असंवैधानिक धन का उपयोग वे चुनावों में करेंगे, लेकिन कांग्रेस द्वारा क्राउडफंडिंग के माध्यम से एकत्र किए गए धन को जब्त कर लिया गया है। इसलिए, मैंने कहा है कि भविष्य में कोई चुनाव नहीं होंगे। हम न्यायपालिका से इस देश में बहुदलीय प्रणाली को बचाने और भारत के लोकतंत्र की रक्षा करने की अपील करते हैं। खरगे ने कहा कि हम सड़कों पर उतरेंगे और इस निरंकुशता के खिलाफ मजबूती से लड़ेंगे।

# हरियाणा-पंजाब में आज टोल होंगे फ्री

एजेंसी | नई दिल्ली

विभिन्न मांगों को लेकर किसानों का दिल्ली कूच का शुक्रवार को चौथा दिन था। शंभू बॉर्डर पर बड़ी संख्या में किसान डटे हुए हैं। पुलिस के जवान उनको आगे बढ़ने से रोके हुए है। पंजाब के सबसे बड़े किसान संगठन भारतीय किसान यूनियन (उगराहां) ने 2 दिन के लिए पंजाब और हरियाणा के सभी टोल फ्री कराने का ऐलान किया है। उधर, हरियाणा-पंजाब के शंभू बॉर्डर पर जीआरपी के एसआई की मौत हो गई, वहीं एक किसान की हार्ट अटैक से मौत हो गई। किसानों के ग्रामीण भारत बंद के आह्वान का कोई खास असर नजर नहीं आया। हालांकि पंजाब और हरियाणा में किसानों को बंद का समर्थन मिला। दोनों राज्यों में रोडवेज कर्मचारी भी आंदोलन के समर्थन में आ गए।

**जाम से जूझती रही दिल्ली:** आंदोलन के कारण दिल्ली-एनसीआर एरिया में लोगों को भारी जाम से जूझना पड़ रहा है। शुक्रवार सुबह भी गाजीपुर यूपी गेट बॉर्डर पर वाहनों का कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। इसी तरह नोएडा से दिल्ली जाने वाले रास्तों कालिंदीकुंज बॉर्डर, बदरपुर और वजीराबाद में भी भारी जाम देखा गया।

पेज 8 भी देखें

**कार्मिक विभाग ने जारी की तबादला सूची**

# पुलिस महकमे में बड़ा बदलाव...65 IPS सहित 39 जिलों के SP इधर-उधर

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश की भजनलाल सरकार ने पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल किया है। सरकार ने 65 आईपीएस के तबादले किए हैं,जबकि 39 जिलों के एसपी भी बदल दिए। कार्मिक विभाग ने 9 डीआईजी और 39 जिलों के पुलिस अधीक्षकों के तबादले किए हैं। साथ ही दो आईपीएस को अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। आईपीएस प्रीति चंद्रा को एडिशनल कमिश्नर डीसीपी ट्रैफिक जयपुर लगाया है। डॉ. विकास पाठक को आईजी पुलिस कार्मिक लगाया गया हैं। इसके साथ ही 9 डीआईजी स्तर के पुलिस अफसरों का भी तबादला किया है। अजय सिंह को डीआइजी, पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड, योगेश यादव को डीआईजी सीआईडी सीबी और मनीष अग्रवाल द्वितीय को डीआईजी आर्म्ड बटालियन लगाया गया हैं।



### 6 आईपीएस को पदोन्नति के बाद पोस्टिंग

सीकर एसपी देशमुख परिस अनिल को पदोन्नति के बाद डीआईजी के पद पर पहली पोस्टिंग मिली है। उन्हें डीआईजी एसओजी लगाया गया है। इसी तरह से विकास शर्मा को पदोन्नति के बाद डीआईजी एसएसबी, डॉ. राजीव प्रचार को डीआईजी इंटेलिजेंस, योगेश दाधीच को डीआईजी एसओजी, मनोज कुमार को डीआईजी सिविल राइट्स और राजेंद्र कुमार को डीआईजी एसडीआरफ के पद पर पदोन्नति के बाद पहली पोस्टिंग दी गई है।

### 39 जिलों में पुलिस अधीक्षक बदले

तबादला सूची में सरकार ने प्रदेश के 50 जिलों में से 39 के पुलिस अधीक्षक (एसपी) बदल दिए हैं। सीमावर्ती जिले श्रीगंगानगर की गौरव यादव, बाड़मेर की नरेंद्र सिंह मीणा और जैसलमेर जिले की जिम्मेदारी आईपीएस सुधीर चौधरी को दी गई, जबकि सीकर एसपी के पद पर राम मूर्ति जोशी को लगाया गया। वहीं आलोक श्रीवास्तव को भीलवाड़ा, ममता गुप्ता को सवाई माधोपुर, देवेंद्र कुमार बिश्नोई को अजमेर, श्याम सिंह को जालौर, चूनाराम जाट को पाली, योगेश गोयल को उदयपुर, अनिल कुमार को भिवाड़ी, ज्ञान चंद्र यादव को झुंझुनूं, करण शर्मा को कोटा ग्रामीण, डॉ. अमृता दुहन को कोटा शहर, विकास सांगवान को हनुमानगढ़, बृजेश ज्योति उपाध्याय को धौलपुर एसपी लगाया गया। मनीष त्रिपाठी को राजसमंद एसपी, सुधीर चौधरी को चित्तौड़गढ़ एसपी, संजीव नैन को टोंक एसपी, हनुमान प्रसाद मीणा को बूंदी एसपी, राजेंद्र कुमार मीणा को चूरू एसपी, हर्ष वर्धन अगरवाला को बांसवाड़ा एसपी, राजेश कुमार मीणा को डीग एसपी और रंजीता शर्मा को दौसा एसपी लगाया गया हैं। इसके अलावा नरेंद्र सिंह को केकड़ी का पुलिस अधीक्षक लगाया गया है।

### जयपुर और जोधपुर में बदले 9 डीसीपी

सरकार ने तबादलों में जयपुर कमिश्नरेट में डीसीपी क्राइम के पद पर सुरेंद्र सिंह को लगाया गया है। इसके साथ ही जयपुर कमिश्नरेट में डीसीपी हेडक्वार्टर के पद पर राजेश कुमार यादव, डीसीपी जयपुर सिटी (ईस्ट) कावेंद्र सिंह सागर, डीसीपी जयपुर सिटी (साउथ) आईपीएस दिगंत आनंद, डीसीपी जयपुर सिटी (वेस्ट) के पद पर आईपीएस अमित कुमार को लगाया गया। वहीं जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट में डीसीपी ईस्ट के पद पर आईपीएस भुवन भूषण यादव, डीसीपी वेस्ट के पद पर राजन दुष्यंत, डीसीपी हेडक्वार्टर शरद चौधरी, डीसीपी ट्रैफिक के पद पर मोनिका सेन को लगाया गया है।

## जरूरी खबर

### सरकार ने भरतपुर रेंज में 37 एसआई के किए तबादले



**बेधड़क. जयपुर।** भरतपुर रेंज में शुक्रवार को एसआई के तबादले किए हैं। आईजी राहुल प्रकाश ने शुक्रवार को 37 पुलिस उप निरीक्षकों की तबादला सूची जारी की। इन अधिकारियों को रेंज के अधीन जिलों में नियुक्ति दी गई है। आदेश में कहा गया है कि इन अधिकारियों के विरूद्ध डीई, पीई, एसीबी, आपराधिक प्रकरण विचाराधीन हो, निलम्बित हो या पूर्व में शिकायत आधार पर इनका स्थानान्तरण हुआ हो तो इन्हें कार्यमुक्त न करते कार्यालय को सूचना भेजें।

### सभी राज्यसभा नामांकन पत्र जांच में पाए गए सही

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान से राज्यसभा की तीन सीटों के लिए होने वाले द्विवार्षिक निर्वाचन के लिए प्रत्याशियों द्वारा भरे गए सभी आठ नामांकन पत्रों की शुक्रवार को विधानसभा में जांच की गई, जिसमें सभी नामांकन पत्र सही पाए गए। पर्यवेक्षक एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता की उपस्थिति में निर्वाचन अधिकारी महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि इंडियन नेशनल कांग्रेस की उम्मीदवार सोनिया गांधी के चार तथा भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार चुन्नी लाल गरासिया के दो व मदन राठौड़ के दो नामांकन पत्रों की निर्वाचन अभिकर्ताओं के समक्ष बारीकी से जांच की गई। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नामांकन पत्रों की जांच की वीडियोग्राफी की गई।

### खेल से होता है शारीरिक और मानसिक विकास



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव विजय एन ने कहा कि खेलों से हम न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहते हैं। ऐसे में हम अपनी कार्यक्षमता को अधिक बेहतर एवं सामयिक बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि मंडल की ओर से क्रिकेट से खेलकूद की शुरुआत की गई है। वे शुक्रवार को जगतपुरा, वीआईटी रोड स्थित नैना क्रिकेट एकेडमी में चार दिवसीय क्रिकेट लीग के आयोजन के अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। लीग में 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इसमें पाली पेंथर्स, अरावली आब्धिक, मेवाड़ वॉरियर, रॉयल स्ट्राइकर्स, जयपुर वॉरियर, द बी,थंडर स्ट्राइकर्स, रॉयल एवेंजर्स शामिल हैं।

---

**भाजपा में जाने के बाद बागीदौरा विधायक मालवीय पर कांग्रेस नेताओं ने कसे तंज**

# अपनी मां को गद्दार कहने से बड़ा दुर्भाग्य कुछ नहीं: डोटासरा

बेधड़क | जयपुर

कांग्रेस वर्किंग कमेटी सदस्य और बागीदौरा (बांसवाड़ा) विधायक महेंद्र जीत सिंह मालवीय के कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में जाने की चर्चाओं पर अब सियासी पलटवार शुरू हो गया है।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मालवीय पर सवाल उठाते हुए बीजेपी पर हमला बोला है। डोटासरा और जूली ने मालवीय पर भी तल्ख कमेंट किए हैं। डोटासरा ने कहा- कोई जाए, कोई फर्क नहीं पड़ता है। वो किस उद्देश्य को लेकर जा रहे हैं, किस



दबाव में रहे हैं, किस लालच में जा रहे हैं, यह सब समय आने पर खुलासा हो जाएगा। जो कांग्रेस की विचारधारा में विश्वास करके और कांग्रेस को मां कहकर एमपी बने, पांच-पांच बार विधायक बने, उनकी पत्नी जिला प्रमुख बनीं, खुद दो बार कैबिनेट मंत्री बने, विभिन्न विभाग उनके पास रहे। आज इस उम्र में जाकर यह कह रहे हैं कि मेरी मां गद्दार निकली, तो इससे ज्यादा दुर्भाग्य कुछ नहीं हो सकता है।

### एक बार कहते तो नेता-प्रतिपक्ष बना देता: जूली



नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि अगर नेता प्रतिपक्ष बनने की बात पर ही मालवीय गए हैं तो मैं तो पहले भी उन्हें बनाने को तैयार था, वो एक बार कहते तो सही। जब जाने का मन होता है तो ऐसे ही ठीकरा दूसरे पर फोड़ा जाता है। रही बात मेरे काम की तो मेरा काम भली-भांति जानता हूं। जो नेता प्रतिपक्ष का काम होता है वह मैंने किया, उससे मुझे किसी सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है, वह सर्टिफिकेट मेरी पार्टी और राजस्थान की जनता देगी। आज जिस तरह भाजपा आने वाले चुनाव को लेकर बौखलाहट में हैं। उनको लग रहा है कि वो नहीं जीत रहे हैं, इसलिए कांग्रेस के नेताओं को चुन-चुन कर बुला रहे हैं, कहीं न कहीं दबाव में हैं, तभी कांग्रेस नेताओं को बीजेपी में लेकर जा रहे हैं।

### सोनिया की फॉर्म को लेकर बीजेपी ने अपनी पुरानी परंपरा निभाई

वहीं सोनिया गांधी के राजस्थान से राज्यसभा के नामांकन पर आई आपत्ति पर डोटासरा ने भाजपा पर निशाना साधा। गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि सोनिया गांधी की फॉर्म को लेकर बीजेपी की ओर से एक आपत्ति आई थी। जिसमें कहा गया है कि सोनिया गांधी की जो पैतृक संपत्ति है उसका एड्रेस नहीं दिया गया है। हालांकि, आयोग ने इसे सिरे से खारिज कर दिया है। डोटासरा ने कहा कि सोनिया गांधी जब भी सांसद का चुनाव लड़ती है तो ऐसी आपत्ति जताई जाती है। बीजेपी अपनी पुरानी परंपरा को निभा रही है। उन्हें केवल सवाल खड़ा करना था जिससे वह कह सकें की सोनिया गांधी के पास इटली में प्रॉपर्टी है तो इसके लिए वह करते रहते हैं। जबकि सोनिया गांधी का जन्म इटली में हुआ उनके माता-पिता वहां थे और उनकी पैतृक संपत्ति वहां है तो इसमें क्या कहना है जब पैतृक संपत्ति है तो उन्हें शेयर मिलेगा ही।

---

**डबल लाइन का होगा बांदीकुई-आगरा रेलवे रूट**

# खातीपुरा सैटेलाइट स्टेशन, कोच केयर कॉम्प्लेक्स की मिली सौगात

■ प्रधानमंत्री ने वर्चुअली किया करोड़ों रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

बेधड़क | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार 16 फरवरी को विकसित भारत विकसित राजस्थान कार्यक्रम के तहत राजस्थान को कई सौगातें दी। पीएम मोदी ने 17 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत वाली कई परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

बता दें किखातीपुरा को जयपुर स्टेशन पर ट्रेनों का दबाव कम करने के लिए टर्मिनल स्टेशन बनाया गया है। हालांकि इसे 2012-13 में बनाए जाने की स्वीकृति मिल गई थी। लेकिन बजट नहीं दिए जाने के कारण इसे विकसित नहीं किया जा सका।अब इस काम को पूरा हुए करीब एक साल हो गए। शुक्रवार को प्रधानमंत्री टर्मिनल स्टेशन का शुभारंभ किया। 205 करोड़ की लागत से बनने वाले कोच केयर कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम में जयपुर को खातीपुरा सैटेलाइट स्टेशन की सौगात दी गई। साथ ही रेलवे, सड़क, ऊर्जा, पेयजल, पेट्रोलियम सहित अन्य विभागों के प्रोजेक्ट्स शामिल रहे। इसके साथ ही उन्होंने



### यात्रियों को मिलेगी सुविधा

पीएम मोदी ने कहा कि आज जिन सड़कों का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। उससे कोटा, उदयपुर, टोंक, सवाई माधोपुर, बूंदी, अजमेर, भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ की कनेक्टिविटी और बेहतर होगी। इतना ही नहीं, इन सड़कों से हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र और दिल्ली से कनेक्टिविटी भी सशक्त होगी। रेलवे के विद्युतीकरण से लेकर मरम्मत तक के अनेक प्रोजेक्ट के लोकार्पण से बांदीकुई से आगरा फोर्ट रेलवे लाइन के दोहरीकरण का काम पूरा होने के बाद मेंहदीपुर बालाजी और आगरा आना-जाना और आसान हो जाएगा।

बांदीकुई-आगरा रेलवे रूट को डबल लाइन करने के कार्य का भी उद्घाटन किया। उन्होंने करीब 26 मिनट तक संबोधित किया। अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने राजस्थान की भाजपा सरकार की ओर से तेजी से विकास कार्य करने पर बधाई देते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार काफी तेजी से विकास कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जो परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया है, उससे प्रदेश के हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा।

### फ्रांस के राष्ट्रपति के स्वागत की गूंज फ्रांस तक

पीएम ने कहा- कुछ दिन पहले फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों का जयपुर में जो स्वागत किया। उसकी गूंज पूरे फ्रांस में रही है। यही राजस्थान के लोगों की खासियत है। हमारे राजस्थान के लोग जिस पर प्रेम लुटाते हैं। कोई कसर नहीं छोड़ते। उन्होंने कहा- राजस्थान की डबल इंजन सरकार ने तेजी से काम करना शुरू कर दिया है। आज राजस्थान के विकास के लिए 17 हजार के प्रोजेक्ट का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। जो अनेक विकास कार्यों से जुड़े हैं। ये योजनाएं राजस्थान के हजारों लोगों को रोजगार देने वाली है। इसके लिए राजस्थान के लोगों को बधाई देता हूं।

### राज्यपाल ने प्रधानमंत्री का जताया आभार

राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि 17 हजार करोड़ रुपए की रेलवे, सड़क, ऊर्जा, पेयजल, पेट्रोलियम सहित अन्य विभागों से संबद्ध विकास योजनाओं के राजस्थान में क्रियान्वित होने से आने वाले समय में प्रदेश तेजी से विकास की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि इतने बड़े रूप में विकास योजनाओं से यहां सर्वांगीण विकास की राहें खुलेगी युवाओं को भी बड़ी संख्या में रोजगार मिल सकेगा।

---

**मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई**

# 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' के तहत 3,570 किलो अशुद्ध सामग्री नष्ट

बेधड़क | जयपुर



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने तथा मिलावट के खिलाफ सख्त कदम उठाने की सोच के साथ शुरू किए गए 'शुद्ध आहार, मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य एवं सुरक्षा आयुक्तालय की टीमों द्वारा प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधी नियंत्रण शिव प्रसाद नकाते ने बताया कि प्रदेशभर में एनफोर्समेंट की 81 एवं सर्विलेंस की 82 कार्रवाई की गई।

टीमों ने प्रदेशभर में 1645 किलो खाद्य सामग्री जब्त की और 3570 किलो अशुद्ध सामग्री नष्ट की गई। इसी प्रकार मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के माध्यम से 523 नूमनों की जांच की गई। फूड सेफ्टी टेनिंग एण्ड सर्टिफिकेशन के लिए 4 शिविर आयोजित किए गए तथा खाद्य अनुज्ञा पत्र के लिए 7 रजिस्टेशन शिविर लगाए गए। उल्लेखनीय है कि आमजन को मिलावट रहित शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने की दृष्टि से प्रदेशभर में 15 फरवरी से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्तालय के माध्यम से 'शुद्ध आहार, मिलावट पर वार' अभियान की शुरूआत की गई है। इसके तहत मिलावटखोरों पर सख्ती से शिकंजा कसा जा रहा है। खाद्य पदार्थों की सैम्पलिंग, सर्विलेंस, जब्ती और अशुद्ध खाद्य पदार्थों के नष्टीकरण की कार्रवाई की जा रही है।

राज्य के खाद्य कारोबारियों को स्वच्छ एवं स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थों के निर्माण भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय से संबंधित जानकारी एवं प्रमाणीकरण के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान में अधिक जोखिम वाले खाद्य पदार्थों का प्रमाणीकरण करने के साथ ही निर्माता फर्मों की ऑडिट भी की जा रही है। अभियान के दौरान मोबाइल लैब के माध्यम से मौके पर खाद्य पदार्थों की जांच और फूड लाइसेंस के लिए रजिस्ट्रेशन भी किए जा रहे हैं। वहीं आमजन को शुद्ध एवं स्वच्छ खाद्य पदार्थों तथा श्रीअन्न (मोटा अनाज) की उपयोगिता के लिए जागरूक भी किया जा रहा है।

---

**उदयपुर, बांसवाड़ा व चित्तौड़गढ़ में होंगे कार्यकर्ता सम्मेलन**

# शाह 20 को राजस्थान में करेंगे लोकसभा चुनाव का शंखनाद

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव को लेकर राजस्थान में बीजेपी पूरी तैयारी से जुट चुकी है। इसको लेकर अब बीजेपी उदयपुर में लोकसभा चुनाव का शंखनाद करने जा रही है। इसके चलते उदयपुर में मेवाड़-वागड़ की तीन लोकसभा सीटों उदयपुर, बांसवाड़ा और चित्तौड़गढ़ की बैठक होगी।

इसको लेकर 20 फरवरी को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह उदयपुर आएंगे। जहां इन तीन लोकसभा सीटों को लेकर बैठक और संयुक्त कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस



बैठक में बूथ अध्यक्ष एवं उसके ऊपर के समस्त कार्यकर्ता, समस्त जनप्रतिनिधि, कलस्टर के कार्यकर्ता का सम्मेलन होगा। इस कार्य के लिए सभी जिलों में मंडल के प्रभारियों को प्रवास करना है। इसके तहत वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को विधानसभा स्तर पर लगाकर 20 फरवरी के पहले विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने में संपूर्ण क्षमता के साथ कार्य प्रारंभ किया जाएगा। 20 फरवरी को नई कृषि मंडी के परिसर में सुबह 11.30 बजे कार्यक्रम को आयोजित किया जाएगा। जिसके मुख्य वक्ता केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह होंगे। इसमें सभी कार्यकर्ता भाग लेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियों को परखेंगे और कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र भी देंगे।

---

**केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की समीक्षा बैठक**

# सुशासन ही सरकार की प्राथमिकता: बेढम

बेधड़क | जयपुर

गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने टोंक स्थित कलक्ट्रेट सभागार में केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि सुशासन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



आमजन की जन कल्याणकारी योजनाओं की क्रियान्विति में लापरवाही एवं शिथिलता को स्वीकार नहीं किया जाएगा। गृह राज्य मंत्री ने जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा से विकसित भारत संकल्प यात्रा में जिले की प्रगति की जानकारी ली तथा कहा कि शिविरों में योजनाओं के लाभ से वंचित रहे लोगों को भी जोड़ा जाएं। कोई भी पात्र व्यक्ति छूटे नहीं। बेढ़म ने जिले में सोशल मीडिया अवेयरनेस एवं साइबर क्राइम को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा को निर्देशित किया। पशुपालन विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटे लाल बैरवा को सर्विस डिलिवरी बेहतर करने के निर्देश दिए।

राज्य मंत्री ने विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता को केंद्र सरकार से विद्युत लाइनों के मेंटिनेंस के लिए प्राप्त धन राशि का समुचित उपयोग कर आगामी एक माह में अभियान चलाकर पूरा करने पर जोर दिया। साथ ही, सड़कों के बीच दुर्घटना संभावित बिजली के खंभों को बदलने के निर्देश दिए। जो भी विद्युत विभाग की ओर से विद्युत सुधार के कार्य किए जाएं उसकी सूची जनप्रतिनिधियों को अवश्य दें।

---

**दिल्ली-मुंबई-वड़ोदरा एक्सप्रेस-वे का लिया जायजा**

# दिल्ली से सीधा जुड़ाव सवाईमाधोपुर में बढ़ाएगा व्यापार व पर्यटन: दीया

बेधड़क | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुक्रवार को दिल्ली मुंबई वड़ोदरा एक्सप्रेस-वे (एनई-4) के बौंली से कुस्तला सैक्शन उद्घाटन किया गया। इसके उदघाटन के बाद उपमुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दीया कुमारी ने एक्सप्रेस-वे का जायजा लिया।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सवाईमाधोपुर के सीधे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से जुड़ने से यहां के पर्यटन एवं व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। सवाईमाधोपुर देश का एक बड़ा पर्यटन स्थल है, जहां रणथंभोर नेशनल पार्क, खंडार फोर्ट, चौथमाता मंदिर सहित कई दर्शनीय स्थल हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली एनसीआर के पर्यटकों के लिए दूरी कम होने से सवाईमाधोपुर को वीकेंड डेस्टिनेशन के तौर पर भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे क्षेत्र में रोजगार सृजित होंगे।

उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र में बहुआयामी औद्योगिक एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। क्षेत्र के फल एवं सब्जी उत्पादक किसानों को दिल्ली के बाजारों तक सीधी पहुंच मिलने से उनकी आय में वृद्धि भी होगी। गौरतलब है कि बौंली से कुस्तला तक निर्मित हुए इस 45.64 किलोमीटर के सैक्शन पर लगभग 1658 करोड़ रुपए व्यय किए गए हैं। इस सैक्शन के पूर्ण होने से अब एक्सप्रेस-वे का 292 किलोमीटर का हिस्सा (दिल्ली से कुस्तला, सवाईमाधोपुर) आमजन के लिए समर्पित हो चुका है।



### दुर्घटना संभावित क्षेत्र को करें दुरुस्त

उपमुख्यमंत्री ने दिल्ली मुंबई वड़ोदरा एक्सप्रेस-वे के पैकेज 4 से 8 के लिए भांडारेज में बनाए गए एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का जायजा लिया। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक्सप्रेस-वे पर दुर्घटना संभावित क्षेत्र को चिह्नित कर तत्काल दुरुस्त करवाएं ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके। एनएचएआई के अधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री को बताया कि भांडारेज में स्थापित किया गया सिस्टम हरियाणा बोर्डर से बौंली तक के लगभग 170 किलोमीटर के हिस्से की निगरानी रखता है।

### ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से निगरानी

ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से पूरे एक्सप्रेस-वे को मॉनिटर किया जा सकता है। इसके तहत हर 10 किलोमीटर पर व्हीकल स्पीड डिटक्शन सिस्टम (वीएसडीएस-स्पीड कैमरा) लगे हैं। इससे स्पीड लिमिट क्रॉस करने वाले वाहनों का स्वतः ही चालान कट जाता है। इसके साथ ही हर 1 किलोमीटर पर ट्रैफिक मैनेजमेंट मॉनिटरिंग कैमरा लगे हैं। इनसे पूरे 170 किलोमीटर के हिस्से को एक जगह बैठकर देखा जा सकता है। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित एनएचएआई के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जरूरी खबर

### अब अधूरे काम पूरे करने में रहेगी सुगमता




**जयपुर।** सार्वजनिक निर्माण विभाग ने निर्माण कार्य को लेकर नई व्यवस्था स्थापित की है। इसके लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव के निर्देश पर विभाग ने सकुर्लर जारी किया है। इससे निर्माण सुगमता से पूरे हो सकेंगे। जानकारी के अनुसार विभाग में संवेदकों से निर्माण कार्य करवाए जाते हैं जो कि अनेक बार अपूर्ण रह जाते हैं। ऐसी स्थिति में अधूरा रह गया कार्य मूल संवेदक की रिस्क एंड कास्ट के आधार पर पूर्ण कराया जाता है। नई निविदा में दर अधिक आती है तो इसकी भरपाई मूल संवेदक से की जाती है। विभाग द्वारा यह भी निर्देश जारी किए गए हैं कि रिस्क एंड कॉस्ट पर कराए जाने वाले कार्यों के लिए नई निविदा में शर्ते वही रहेगी जो की मूल निविदा में थी और विभाग की बीएसआरबी वही लागू रहेगी जो की मूल निविदा में थी। यह व्यवस्था लागू किए जाने से संवेदकों के मध्य किसी प्रकार का विवाद नहीं होगा तथा अधूरे रह गए निर्माण कार्यों को सुगमता से पूर्ण किया जा सकेगा।

### पंकज उपाध्याय प्रदेश प्रभारी नियुक्त

**जयपुर।** पंकज उपाध्याय को राष्ट्रीय हिन्दू महासंघ का जिला अध्यक्ष जयपुर एवं प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय हिन्दू महासंघ, अंतरराष्ट्रीय तक्षशिला अखाड़ा, बृहमाण्ड शक्ति योग पीठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष/पीठाधीश्रवर स्वामी डॉ. देव हंस महाराज ने उपाध्याय की यह नियुक्ति दो साल के लिए की है। उपाध्याय ने कहा कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी मिलेगी उसे निष्ठा से पूरी करेंगे।

राज्यभर में कर्मचारियों ने रैलियां निकाली, प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार को दिया संदेश

# पुरानी पेंशन बहाल नहीं करने पर कर्मचारियों का फूटा आक्रोश

बेधड़क | जयपुर

पुरानी पेंशन और 8वें वेतन आयोग के मुद्दे पर सरकारी कर्मचारी संयुक्त महासंघ और विभिन्न ट्रेड यूनियनों के कर्मचारी देशव्यापी हड़ताल पर रहे। केन्द्र सरकार द्वारा पुरानी पेंशन बहाल नहीं करने और आठवां वेतन आयोग गठित नहीं करने से कर्मचारियों ने भारी गुस्से का इजहार किया। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के बैनर तले राज्यभर में कर्मचारियों ने रैलियां निकाली, कलेक्ट्री पर सभाओं का आयोजन किया और विरोध प्रदर्शन किया। जयपुर में कलेक्ट्रेट पर हुई विरोध सभा को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष महावीर शर्मा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य कर्मियों में सरकार के रवैए के खिलाफ भारी आक्रोश है, जिससे आज देश भर में प्रदर्शन कर रहे हैं। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र एवं राज्य कर्मचारी 8 दिसंबर 2022 से निरंतर आंदोलन कर रहे हैं, फिर भी सरकार कर्मचारियों की मांगों एवं आंदोलन की अनदेखी कर रही है। सरकार सार्वजनिक क्षेत्र को मजबूत करने की बजाय सरकारी विभागों का निजीकरण कर रही है।




### इन कर्मचारी नेताओं ने भी किया संबोधित

जयपुर कलेक्ट्रेट पर हुई सभा और विरोध प्रदर्शन को कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष महावीर शर्मा, महामंत्री महावीर सिहाग, उपाध्यक्ष अर्जुन शर्मा, प्यारे लाल चौधरी, दशरथ सिंह राठौड़, नरेंद्र सिंह कविया, सुरेश धाभाई, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा और जयपुर शहर जिला अध्यक्ष हरिनारायण यादव , जयपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष राहुल टोडावत ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन महासंघ के जिलामंत्री रतन लाल प्रजापत ने किया।

### लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमले का आरोप

कर्मचारी नेताओं ने कहा कि जब बेरोजगारी चरम पर है तब केंद्र एवं राज्य सरकारों में करीब एक करोड़ पद रिक्त है। उन्होंने कहा कि सरकार इन पदों को नियमित भर्ती से भरकर बेरोजगारों को स्थाई रोजगार नहीं दे रही है। महामंत्री महावीर सिहाग ने कहा कि स्वीकृत रिक्त पदों के विरुद्ध भी मामूली संख्या में आउटसोर्स, दैनिक वेतनभोगी, ठेका संविदा आधार पर कर्मियों को लगाया जा रहा है, जहां न तो समान काम के लिए समान वेतन दिया जा रहा है और न ही सेवा सुरक्षा दी जा रही है।

### कर्मचारियों ने ये मांगें उठाई

वक्ताओं ने कहा कि बिना अपील दलील के कर्मचारियों की सेवा बर्खास्त करने वाले संविधान के अनुच्छेद 311(2) ए, बी, सी को निरस्त किया जाए। कर्मचारियों को 18 महीने का बकाया डीए डीआर का भुगतान का भुगतान किया जाए, आयकर छूट की सीमा बढ़ाई जाए, लेबर कोड की वापसी की जाए। वक्ताओं ने इसके अलावा महंगाई पर रोक लगाने, सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत करने, शिक्षा-नीति व बिजली संशोधन विधेयक को वापस लेने की पुरजोर मांग की।

छह जिलों में 77 फीसदी से ज्यादा प्रकरण झूठे

# प्रेम प्रसंग के मामलों में राजधानी में सबसे ज्यादा हो रहा 'झूठा अपहरण'


**आरोपियों के पकड़े जाने पर या उससे पहले ही मामला दर्ज कराने के बाद हो जाता है राजीनामा**

ओमप्रकाश शर्मा | बेधड़क

**जयपुर।** प्रदेश में प्रेम-प्रसंग के मामले पुलिस के लिए सिरदर्द बने हुए है। महिलाओं से जुड़े अपराधों में पुलिस पर अकसर कार्रवाई नहीं करने और एफआईआर दर्ज नहीं करने के आरोप लगते हैं, लेकिन हकीकत है कि अधिकतर मामले प्रेम-प्रसंग के होने के कारण पुलिस को बाद में प्रकरण में राजीनामा होने पर झूठा मानकर एफआर लगाना पड़ रहा है।

वर्ष 2023 में प्रदेश के थानों में दर्ज हुए अपहरण के 11843 मामलों की पड़ताल की तो यह चौंकाने वाले तथ्य सामने आए है। पुलिस ने जांच में 6110 अपहरण के मामलों को झूठा माना है। यानि करीब 64 फीसदी अपहरण के मामले जांच में झूठे पाए गए है। इनमें से 90 मामले प्रेम-प्रसंग के है। पुलिस ने केवल 3 हजार मामले ही जांच में सही मानकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। इनमें से भी अधिकतर वें मामले है, जो नाबालिग बालिकाओं से जुड़े हुए है। जिसमें पुलिस को मजबूरन नाबालिग के परिजनों की रिपोर्ट पर कार्रवाई करनी पड़ी है।



### कमिश्नरेट में 75 फीसदी अपहरण के मामले फाल्स

प्रदेश में सबसे ज्यादा अपहरण के झूठे मामले राजधानी जयपुर में दर्ज होते है। कमिश्नरेट में 75 फीसदी अपहरण के मामले पुलिस जांच में झूठे पाए गए हैं। दरअसल इन मामलों में परिवादियों ने मामला दर्ज कराने के बाद या फिर पुलिस के पकड़े जाने पर आरोपी पक्ष से राजीनामा कर लिया। ऐसे में पुलिस को प्रकरणों में गलतफहमीवश दर्ज कराने पर एफआर लगानी पड़ी। छह जिलों में 77 फीसदी से ज्यादा अपहरण के झूठे मामले दर्ज होते हैं।

### 8 जिलों में सबसे कम झूठे मामले

पड़ताल में सामने आया कि प्रदेश में केवल आठ जिलों में सबसे कम अपहरण के झूठे मामले दर्ज होते हैं। हालांकि, इनमें जांच में झूठे मामले 32 से 46 फीसदी पाए गए हैं। फलौदी जिले में सबसे कम 32 फीसदी मामले जांच में झूठे पाए गए हैं, जबकि सांचोर में 36 फीसदी, बाड़मेर में 43 फीसदी, जालोर में 44 फीसदी, झालावाड़ व जैसलमेर में 45-45 फीसदी और हनुमानगढ़ व कोटा ग्रामीण में अपहरण के मामले 46 फीसदी झूठे पाए गए हैं।

### इन जिलों में सबसे ज्यादा होते हैं झूठे मामले दर्ज

प्रदेश में कमिश्नरेट के नॉर्थ जिलें में 85 फीसदी अपहरण के मामले झूठे पाए गए हैं, जबकि वेस्ट जिले में 81 फीसदी मामले झूठे पाए गए है। शाहपुरा जिला पुलिस ने 83 फीसदी, सलुंबर व भिवाड़ी जिला पुलिस ने 78-78 फीसदी, गंगापुर जिला पुलिस ने 77 फीसदी मामले झूठे माने हैं। इसके अलावा करोली, टोंक व अजमेर ने 75-75 फीसदी, केकड़ी ने 74 फीसदी, भरतपुर ने 73 फीसदी, प्रतापगढ़, कोटपुतली, अलवर व खेरथल पुलिस ने 72-72 फीसदी और कोटा शहर व दौसा ने 71-71 फीसदी मामले जांच में झूठे माने हैं।

निविक टेबलिंटन टूर्नामेंट

## डॉक्टर्स और परिजनों ने बैडमिंटन, टेबल टेनिस और कैरम में दिखाई प्रतिभा




बेधड़क | जयपुर

डॉक्टर्स और उनके परिजनों के इस टूर्नामेंट में निविक टेबलिंटन में टीम इवेंट वर्ग में बंसल ब्रावो ने डॉ. हिमाक्षी बंसल और डॉ. मोहम्मद सोहेल के जोरदार प्रदर्शन से महात्मा गांधी हॉस्पिटल को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। टूर्नामेंट के मुख्य संयोजक डॉ. सौरभ जैन ने बताया कि बैडमिंटन संयोजक डॉ. मणि दुबे एवं डॉ. दिवाकर भार्गव ने बताया कि सोमानी हॉस्पिटल ने नवनीत इमेजिंग को, शॉल्डर एंड नी सर्जरी क्लीनिक ने आंजनेय हॉस्पिटल को, केडीजी फाइटर ने रेजुवेना कॉस्मो को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। ओपन मिश्रित युगल में पार्थ और अनाहिता ने मनीष और मीनाक्षी को हराया।

टेबल टेनिस संयोजक डॉ. अजय नायर एवं संकल्प अवस्थी ने बताया कि टेबल टेनिस टीम इवेंट वर्ग में सेंटर फॉर डाइजेस्टिव हेल्थ ने देशबंधु हॉस्पिटल को, ऋषभ मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने सेंटर फॉर डाइजेस्टिव हैल्थ को, फोर्टिस अस्पताल ने नव इम्पीरियल हॉस्पिटल को तथा क्रैडल हॉस्पिटल ने सेंटर फॉर डाइजेस्टिव हेल्थ को हराया।

कैरम संयोजक डॉ. अजित जैन ने बताया कि कैरम टीम इवेंट मुकाबलों में कल्ला हॉस्पिटल ने एस आर के हॉस्पिटल को, माइक्रोचेक लैब्स ने मित्तल हैंड माइक्रो सर्जरी को तथा बेबीलोन हॉस्पिटल ने साकेत हॉस्पिटल को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

प्रो. ओपन वर्ग में एकल वर्ग में. डॉ संजीव गुप्ता एवं डॉ. आलोक जैन सेमीफाइनल में पहुंचे। युगल वर्ग में डॉ. सलीम रजा/डॉ. अजित जैन तथा चंचल सिंघल एवं डॉ. केके शांडिल्य सेमीफाइनल में पहुंचे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

फोर्टी के अध्यक्ष ने पिंजरापोल गोशाला का किया दौरा

## गोबर से चूड़ियां बनाने की प्रक्रिया समझी

बेधड़क | जयपुर

फोर्टी के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने पिंजरापोल गोशाला में औषधीय पादपों तथा स्वयं सहायता समूह द्वारा चलाए जा रहे प्रकल्पों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोबर से दीए और चूड़ियां बनने की प्रक्रिया समझी। भारतीय गोशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने उनका स्वागत किया। उन्हें स्वयं सहायता समूह द्वारा चलाए जा रहे समस्त कार्यों जैसे गाय के गोबर से बने हुए दीपक, प्रत्येक दिन 30 टन खाद की निर्माण इकाई, स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित आचार मुरब्बा, लाख में 40% गाय का गोबर मिलाकर चूड़ियां बनाने का कार्य व अनेक प्रकल्पों की जानकारी दी। इस मौके फोर्टी के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने कहा कि यह कार्यक्रम बहुत ही अलौकिक है आनंददायक है। फोर्टी भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ हेनिमैन चैरिटेबल मिशन सोसाइटी के द्वारा किसानों तथा स्वयं सहायता समूह की मदद के लिए सदैव तैयार रहेगा।



## ठाकुर जी को लगाया खीर-मालपुए का भोग



*जयपुर। गोविंददेवजी मंदिर में सूरज सप्तमी पर ठाकुर जी का मंगला झांकी के पश्चात पंचामृत अभिषेक किया गया। उनको नवीन केसरिया रंग का लप्पा जामा पोशाक धारण कराई गई और विशेष अलंकार श्रृंगार किया गया। इसके साथ ठाकुर जी को खीर और मालपुए का भोग लगाया गया।*

फोटो: पंकज शर्मा

वॉयस बेस्ड यूपीआई पेमेंट सुविधा लॉन्च

# बस सिर्फ नाम बोलने से ही एप ट्रांसफर कर देगा आपके खाते में पैसा!

बेधड़क | जयपुर

अगर आप पढ़े लिखे नहीं हैं। कंप्यूटर और स्मार्ट फोन फ्रेंडली नहीं हैं या आपके पास केवल फीचर फोन ही है तो भी अब आप यूपीआई के जरिए पैसे ट्रांसफर कर सकते हैं। यह सब संभव होगा एनपीसीआई की वॉयस बेस्ड यूपीआई पेमेंट ट्रांसफर सुविधा से। इस सुविधा में बस आपको जिसको पैसे भेजना है उसका नाम या नंबर कॉल के दौरान बोलना है और उसको पैसे ट्रांसफर हो जाएंगे। इस सुविधा का उपयोग करने के लिए नंबर 08045163802 डायल करना पड़ेगा। इस तरह के पेमेंट ट्रांसफर का लाइव डेमो शुक्रवार को आरआईसी में आयोजित आईटी ट्रेड फेयर में डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन के एक अधिकारी ने करके दिखाया।




### हिंदी और अंग्रेजी भाषा में मिलेगी सुविधा

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन के डिजिटल इंडिया भाषिनी डिविजन भाषिनी एप के सीईओ अमिताभ नाग ने बताया कि एनपीसीआई व भाषिनी ने मिलकर वॉयस बेस्ड पेमेंट लॉन्च सुविधा लागू की है। अभी यह हिंदी और अंग्रेजी भाषा में पैसे ट्रांसफर करने की सुविधा दे रही है। भविष्य में इसे पांच भाषाओं में ले जाया सकता है। भारद्वाज फाउंडेशन जयपुर एवं आईटी वॉइस के संयुक्त तत्वाधान में आईटी वॉयस एक्स्पो 2024 का शुक्रवार को उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम में सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, शिष्ट अतिथि डाटा इन्फोसिस के सीईओ अजय डाटा, ग्रीकेन के सीईओ राहुल कपुर, आई टी वॉयस एक्स्पो आयोजक तरुण टांक ने संबोधित किया।

### छह महीने में बीएसएनएल को कर देंगे कॉपर मुक्त

बीएसएनएल राजस्थान सर्किल के सीजीएम संजय कुमार ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि अंत्योदय तक कंप्यूनिकेशन फेसिलिटी पहुंचे। इसी विजन के साथ हम काम कर रहे हैं। प्रदेश में अगले तीन महीने में 50 हजार फाइबर टू होम कनेक्शन देंगे। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल ने प्रदेश में रिकॉर्ड 6 महीने में 1500 सौ मोबाइल टावर लगाए हैं। अगले दो तीन महीने में पूर्ण स्वदेशी 4 जी सेवा वहां पहुंचा देंगे। साथ ही 6 से 8 महीने में बीएसएनएल को कॉपर मुक्त कर फाइबर केबल युक्त कर देंगे। तीन दिन तक चलने वाले आईटी फेयर में पहले दिन बड़ी संख्या में यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट और आईटी एक्सपर्ट और ढ़ेरों कंपनियों के प्रतिनिधि पहुंचे। इस दौरान यहां टॉक सेशन और कंपनियों की अपने प्रोडक्ट व फेसिलिटी के लिए स्टॉल लगाई गई।

## जरूरी खबर

### 8वां वेतन आयोग लागू करने की मांग, निकाली रैली




सीकर। आठवां वेतन आयोग लागू करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को सीकर में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के बैनरतले सरकारी कर्मचारियों ने डाक बंगला से लेकर कलेक्ट्रेट तक आक्रोश रैली निकाली। कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट के बाहर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष श्रवण ने बताया कि हमारी प्रमुख मांग है कि आठवें वेतन आयोग का गठन किया जाए। इसके साथ ही कर्मचारियों के 41 हजार करोड़ रुपए जीपीएफ खाते में जमा करवाए जाएं। संविदा पर लगे हुए कर्मचारियों को स्थाई किया जाए।

### कोटा रिवर फ्रंट को लेकर एनजीटी ने खारिज किया वाद

**कोटा।** जिले में चंबल नदी किनारे बनाए गए रिवर फ्रंट में नियमों के उल्लंघन को लेकर लगाई गई याचिका को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने खारिज कर दिया है। एनजीटी ने रिवर फ्रंट निर्माण में पर्यावरण नियमों का उल्लंघन नहीं माना। नगर विकास न्यास सचिव मान सिंह मीणा ने बताया कि एनजीटी ने कोटा यूआईटी के पक्ष में फैसला देते हुए वाद को खारिज किया है। एनजीटी ने अपने आदेश में लिखा कि पेश तथ्यों, संयुक्त समिति द्वारा पेश रिपोर्ट और गुजरात इंजीनियरिंग रिसर्च की रिपोर्ट पर प्रकाश डाला गया। एनजीटी ने कहा कि इस मामले में किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।

### सहेलियों की बाड़ी में गाइडों के लाइसेंस की जांच



**उदयपुर।** राज्य में महिला पर्यटकों को सम्मानजनक व सुरक्षित वातावरण की सुनिश्चितता के लिए चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को सहेलियों की बाड़ी का पर्यटन विभाग की उप निदेशक शिखा सक्सेना ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गाइडिंग करने वालों के लाइसेंस की पर्यटन थाने के स्टाफ के साथ चेकिंग की। इस दौरान पर्यटकों को होटल एसोसिएशन, ट्रैवल एजेंट एवं गाइड के माध्यम से फीडबैक फॉर्म भी वितरित किए गए।

---

**लघु उद्यमियों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की ओर से चल रही 'एक स्टेशन-एक उत्पाद' योजना**

# अजमेर रेल मंडल के 13 स्टेशनों पर होगी फलों की बिक्री

**बेधड़क** | अजमेर




पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया 'एक स्टेशन एक उत्पाद' की अवधारणा के तहत उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल के 13 विभिन्न स्टेशनों पर स्टॉल और ट्रॉली का सफलता पूर्वक संचालन हो रहा है। अब इसमें विजयनगर के प्रसिद्ध अमरूद की बिक्री को भी शामिल किया गया है।

गौरतलब है कि योजना के अंतर्गत प्रत्येक क्षेत्र के प्रसिद्ध उत्पाद की स्टॉल रेलवे स्टेशन लगाई जा रही है, ताकि रेल यात्री इनसे आकर्षित हो और क्षेत्रवार व्यापार भी बढ़े। मंडल के वाणिज्य प्रबंधक सुनील कुमार महला ने बताया कि स्थानीय उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा और लघु उद्यमियों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गई एक स्टेशन एक उत्पाद योजना को लाभदायक बनाने के लिए रेल प्रशासन की ओर से स्टॉल की स्थापना और उसके आवंटन के नियमों में लगातार शीथलता प्रदान की जा रही है। इसके तहत ही फल उत्पाद की ट्रॉली एवं स्टॉल स्टेशनों पर संचालित की जा सकेगी।

उन्होंने बताया कि अजमेर मंडल के विजयनगर स्टेशन पर फ्रूट की बिक्री के लिए ट्रॉली आवंटित की गई है। संबंधित ट्रॉली धारक की ओर से जल्द ही विजयनगर के प्रसिद्ध अमरुद सहित अन्य फलों की बिक्री की जाएगी। इससे रेलयात्री उचित दाम पर रेलवे स्टेशन पर ही फल खरीद सकेंगे। फल स्वास्थ्यवर्धक होते हैं, इसलिए फल उत्पाद को भी शामिल किया गया है।

### योजना की लगातार हो रही मॉनिटरिंग

अजमेर मंडल पर वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना की मॉनिटरिंग मंडल वाणिज्य प्रबंधक मोनिका यादव की ओर से लगातार की जा रही है। गौरतलब है कि स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना के अंतर्गत स्टॉल और ट्राली के लिए संबंधित रेलवे स्टेशन अधीक्षक से संपर्क किया जा सकता है। मंडल के रेलवे स्टेशनों पर लगाई गई एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल दूर दराज से आने वाले रेल यात्रियों को लगातार आकर्षित कर रही है। जहां यात्रियों को रेलवे स्टेशनों पर संबंधित क्षेत्र के प्रसिद्ध उत्पाद यात्रा के दौरान ही आसानी से मिलने लगे हैं। वहीं उत्पादकों की बिक्री भी बढ़ने लगी है।

### इन उत्पादों की हो रही बिक्री

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुनील कुमार महला ने बताया कि स्टेशनों पर आवंटित स्टॉल व ट्रॉली पर गुलाब जल, गुलकंद, शरबत, आयुर्वेद की दवाइयां और चूर्ण, हैंडीक्राफ्ट, लकड़ी के खिलौने, मार्बल से बने उत्पाद, टेक्सटाइल और कृषि उत्पाद के अलावा अजमेर की प्रसिद्ध कड़ी कचोरी, दही बड़े, पकोड़े, फाइबर निर्मित उत्पाद, स्टोन आर्ट, हैंडीक्राफ्ट, मेहंदी, आचार, चॉकलेट और मिठाइ आदि की बिक्री की जा रही है।

---

**तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ट्रक से भिड़ी, सभी मृतक गुजरात के निवासी**

# चालक को आई नींद की झपकी से पांच लोगों की थम गई सांसें

**बेधड़क** | बीकानेर



जिले में शुक्रवार अलसुबह भारतमाला प्रोजेक्ट पर भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार स्कॉर्पियों आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। हादसे में में पाच लोगों की जान चली गई। सभी मृतक गुजरात के निवासी थी। पुलिस के मुताबिक माना जा रहा है कि स्कॉर्पियो चला रहे शख्स को नींद आ गई। इसके चलते कार ट्रक में घुस गई।

हादसा नोखा क्षेत्र के रासीसर गांव के पास भारतमाला सड़क पर सुबह पांच बजे हुआ। मृतकों में डॉक्टर दंपती, उनकी डेढ़ साल की बेटी सहित दो परिवार के पांच लोग शामिल हैं। हादसे के बाद पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्यारेलाल शिवरान मौके पर पहुंचे।

गुजरात के ये दोनों परिवार श्रीगंगानगर से एक विवाह समारोह में शामिल होने के बाद वापस लौट रहे थे। डॉ. शिवरान ने बताया कि सुबह स्कॉर्पियो और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हुई। हादसा इतनाा भीषण था कि स्कॉर्पियो बस के परखच्चे उड़ गए। इसमें गुजरात के डॉ. प्रतीक, उनकी पत्नी हेतल व डेढ़ साल की बेटी, गुजरात में ही कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर डॉ. पूजा और उनके पति की मौके पर ही मौत हो गई। पांचों का शवों को नोखा के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाने के बाद मृतकों के परिजनों को सूचना दी गई। हादसे के बाद मृतकों के शव स्कॉर्पियों में बुरी तरह से फंस गए। इस दौरान वहां से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को दुर्घटना की सूचना दी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, 2 घायल

**बांदीकुई।** गुढाकटला भांवता सड़क मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं दो लोग घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। कोलवा पुलिस ने बताया कि रामकिशोर प्रजापत (50) गुढाकटला से किसी के साथ बाइक पर बैठकर अपने गांव भांवता जा रहा था। इस दौरान टाटया भांवरा गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में 3 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने रामकिशोर को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल पूरण मीणा (50) एवं रोहिताश (20) को इलाज के लिए जिला अस्पताल दौसा भेजा गया। पुलिस ने बताया कि आस-पास के क्षेत्र में पूछताछ कर जांच की जा रही है। रामकिशोर के पांच बच्चे हैं, जिनमें तीन लड़के और दो लड़कियां हैं। रामकिशोर मजदूरी कर अपना परिवार पालता था।

### कार-बाइक में टक्कर के बाद गड्ढे में गिरे दोनों वाहन, तीन घायल

**भीलवाड़ा।** नेशनल हाईवे पर कार्गो और बाइक में ज़बरदस्त भिड़ंत हो गई। इसमें महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से हॉस्पिटल भिजवाया पुलिस मौके पर पहुंची। मामला भीलवाड़ा जिले के सवाईपुर थाने के चावंडिया चौराहे का है। यहां एक कार व बाइक में जबरदस्त भिड़ंत हो गई, जिसमें बाइक सवार दो युवक है व कार सवार एक महिला घायल हो गई। टक्कर के बाद दोनों वाहन सड़क किनारे गड्ढे में गिर गए। 108 एंबुलेंस के चालक हरिशंकर शर्मा ने बताया कि कार सवार बदामी पत्नी राधेश्याम निवासी भीलवाड़ा व बाइक सवार सीताराम, गोपाल पिता कन्हैयालाल मध्यप्रदेश हाल भीलवाड़ा के बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों व राज्यों की भारी भीड़ जमा हो गई।



---

**दमकल नहीं पहुंची तो टैंकर जुटे**

## मेहंदीपुर बालाजी के बाजार में तीन दुकानों में लगी भीषण आग



**बेधड़क** | दौसा

जिले के मेहंदीपुर बालाजी कस्बे में शुक्रवार शाम को तीन दुकानों में लगी भीषण आग लगने से श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी मच गई। आग की सूचना पुलिस व कंट्रोल रूम को दी गई तो बालाजी थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची लेकिन दमकल नहीं पहुंचने से दुकानों से आग की पलटें निकलती रही।

आग इतनी भीषण थी कि लोगों का वहां रुकना मुश्किल हो गया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई जा सकी। दरअसल बालाजी कस्बे के मुख्य बाजार स्थित एक फोटो-तस्वीर की दुकान में शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई। इसने विकराल रूप धारण कर लिया। इस आग ने पास की दो अन्य दुकानों को भी चपेट में ले लिया। दुकानों में लगे प्लाई बोर्ड व तस्वीरों में तेजी से आग फैल गई। दुकान संचालक व अन्य लोगों ने पुलिस के साथ मिलकर आग बुझाने के भरसक प्रयास किए, तब जाकर करीब एक घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग से तीनों दुकानों में रखा लाखों रुपए सामान जलकर राख हो गया। इसके साथ ही गेस्ट हाउस के ग्लास टूटने के साथ दीवारों में दरार भी आ गई। आगजनी के दौरान बालाजी थाने के कांस्टेबल जितेन्द्र चौधरी व अन्य पुलिस कर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से टैंकरों से आग बुझाई। दमकल नहीं पहुंचने से लोगों में रोष देखने को मिला। जिन तीन दुकानों में आग लगी के बाद आस-पास गेस्ट हाऊस में ठहरे श्रद्धालुओं सहम गए और डर के मारे बाहर निकल आए।

---

**पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ दर्ज किया मामला**

## आपसी विवाद में चचेरे भाई की हत्या

**बेधड़क** | जैसलमेर



जिले के खुहड़ी थाना क्षेत्र में आपसी विवाद के चलते झगड़ा हो गया। इसमे एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने खुहड़ी थाना में हत्या का मामला दर्ज करवाया है।

जानकारी के अनुसार शहर से 35 किलोमीटर पर स्थित खाबा गांव के पास मंदिर में दो व्यक्तियों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़े में 40 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद खुहड़ी पुलिस मौके पर पहुंची। खुहड़ी थानाधिकारी ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। परिजनों ने आठ लोगों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज करवाया है। थानाधिकारी ने कहा कि जल्द ही मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि दोनों व्यक्ति रिश्ते में चचेरे भाई लगते हैं। पुलिस ने बताया कि झगड़े में घायल व्यक्ति को राजकीय जवाहर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। परिजनों ने कार्रवाई नहीं होने के चलते शव उठाने से इनकार कर मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठे गए। मृतक के भाई चरण नाथ ने आरोप लगाया कि मंदिर में उसके भाई को शराब पिलाकर हत्या की गई है।

---

**मृतक जवान के नाम पर खेल स्टेडियम बनाने की घोषणा**

## मंत्री राठौड़ ने SI के परिजनों को बंधाया ढाढ़स

**बेधड़क** | सीकर



प्रदेश के उद्योग एवं सैनिक कल्याण मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ शुक्रवार को खेतड़ी उपखंड के रंवा गांव पहुंचे। वे यहां राजस्थान पुलिस में कार्यरत एसआई के निधन की शोकसभा में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों का ढांढस बंधाया।

जानकारी के अनुसार मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ सुबह करीब 10 बजे रंवा में एसआई पुष्पेंद्र अवाना के घर पंहुचे। पुलिस में सब इंस्पेक्टर अलावा की 5 फरवरी को हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। पुष्पेंद्र अवाना एथलेटिक्स गेम में नेशनल चैंपियन थे। वे खेल कोटे से राजस्थान पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर डेढ़ साल पहले ही भर्ती हुए थे। वर्तमान में पुष्पेंद्र अवाना जयपुर में कार्यरत थे। वे 30 दिसंबर को स्पेशल ट्रेनिंग के लिए हिसार में चल रही पुलिस मीट में शामिल होने के लिए गए थे।

5 फरवरी की सुबह दौड़ करने के बाद पुष्पेंद्र अवाना अपने कमरे पर चले गए। इसके बाद अचानक सीने में दर्द होने के साथ ही वह बेहोश हो गए। इस दौरान मौके पर मौजूद अन्य साथियों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

इस दौरान मंत्री के सामने विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने खेतड़ी में सीएसडी कैंटीन व ईसीएचएस क्लीनिक नहीं होने से सैनिक परिवारों को हो रही समस्या से अवगत करवाया। इस पर मंत्री राठौड़ ने जल्द ही उनकी मांग को पूरा करने तथा पुष्पेंद्र अवाना के नाम से गांव में खेल स्टेडियम बनाने की घोषणा की।

---

**300 हेक्टेयर फसल बीमारी की चपेट में**

# सौंफ की फसल पर 'चुर्री' का अटैक... किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें

**बेधड़क** | भरतपुर



जिले में कई जगहों पर सौंफ की फसल बीमारी की चपेट में है। इसके चलते अन्नदाता के चेहरे पर चिंता की लकीरें नजर आने लगी हैं। किसानों के लिए आर्थिक रूप से फायदेमंद सौंफ की फसल पर इस बार 'चुर्री' (अल्टरनेरिया ब्लाइट) का प्रकोप है।

फसल में लगे चुर्री रोग की वजह से करीब 20 प्रतिशत तक फसल को नुकसान हुआ है। वहीं, सौंफ की फसल में बीमारी के प्रकोप को देखते हुए कृषि अधिकारियों ने भी किसानों को सचेत करते हुए बीमारी से बचाव के उपाय बताने और उन्हें जागरूक करना शुरू कर दिया है। कृषि विभाग (उद्यान) के उपनिदेशक जनकराज मीणा ने बताया कि इस बार जिले में करीब 300 हेक्टेयर में सौंफ की फसल की बुआई के बाद अच्छी फसल हुई है, लेकिन कड़ाके की सर्दी के चलते सौंफ की फसल में अल्टरनेरिया ब्लाइट रोग लग गया है। इससे जिलेभर में सौंफ की करीब 20 फीसदी फसल इस रोग की चपेट में है। उपनिदेशक जनकराज मीणा ने बताया कि लंबे समय तक तापमान में गिरावट रहने की वजह से सौंफ में अल्टरनेरिया ब्लाइट रोग लग जाता है। इस रोग के कारण सौंफ की फसल के फूल में फंगस लग जाती है और कुछ समय बाद फूल भूरा व कला पक कर सूखने के बाद गिर जाता है। यदि समय पर रोग का उपचार नहीं किया जाए तो यह फंगस फसल की पैदावार को काफी प्रभावित कर सकती है। जब फूल सूख जाता है और उसे हाथ से मसला जाता है तो वो आवाज करता है, जिसकी वजह से इस रोग को लोग चुर्री रोग भी बोलते हैं।

### कमेटी ने फसलों का किया निरीक्षण

उपनिदेशक जनकराज मीणा ने बताया कि सौंफ फसल में बीमारी से प्रभावित गांवों के निरीक्षण के लिए विशेषज्ञ वैज्ञानिकों की कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी में सहायक प्राध्यापक (पौध व्याधि) डॉ. आर.एन. शर्मा, सहायक निदेशक (पौध संरक्षण) डॉ. हब्बल सिंह एवं कृषि अधिकारी उद्यान हरेंद्र सिंह शामिल हैं। कमेटी ने सीदपुर, नगला अंडौआ, नगला झामरा, बीरमपुर आदि गांव में सौंफ की फसल का निरीक्षण किया। निरीक्षण में सौंफ फसल में अल्टरनरिया ब्लाइट का प्रकोप देखा गया है। इसके चलते करीब 20 प्रतिशत फसल को नुकसान हुआ है।

### फसल का ऐसे करें बचाव

उपनिदेशक जनकराज मीणा ने किसानों को सलाह दी जाती है कि फसल में रोक के लक्षण दिखाई दें तो तुरंत प्रभाव से कार्बेडाजिम और मैंकोजेब दवाई का 2 मिलीलीटर प्रति लीटर या अजोक्सीस्ट्रोविन व डाइफेनकोनाजोल की एक मिलीलीटर प्रति लीटर पानी में घोलकर प्रभावित फसल पर छिड़काव कर दें। इससे रोग से होने वाले नुकसान से बचा जा सकता है। इसके अलावा फसल में हल्की सिंचाई भी की जा सकती है। किसान ज्यादा सिंचाई भी न करें क्योंकि ज्यादा नमी से यह रोग बढ़ने का खतरा रहता है।

### एक हेक्टेयर में दो लाख तक आय

सौंफ की फसल किसानों के लिए आर्थिक रूप से लाभकारी होती है। इसकी उन्हें अच्छी कीमत मिल जाती है। नगला अंडौआ निवासी किसान गोविंद ने बताया कि जिले में सौंफ की फसल की पैदावार अच्छी होती है। प्रति हेक्टेयर करीब 10 क्विंटल तक सौंफ की पैदावार हो जाती है। मंडी में भी सौंफ का भाव 20 हजार रुपए प्रति क्विंटल तक मिल जाता है। यानी सौंफ की फसल से एक हेक्टेयर में 2 लाख रुपए तक की आय हो जाती है।

## राजस्थान रॉयल्स की ऑफिशियल यूनिवर्सिटी पार्टनर बनी पूर्णिमा यूनिवर्सिटी

# स्टूडेंट्स को मिलेगा रॉयल्स के प्लेयर्स से मिलने का मौका

**बेधड़क** | जयपुर

रॉयल्स स्पोर्ट्स ग्रुप के स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी-राजस्थान रॉयल्स की ओर से पूर्णिमा यूनिवर्सिटी को अपना ऑफिशियल यूनिवर्सिटी पार्टनर घोषित किया गया है। इस साझेदारी के तहत आगामी सीजन के दौरान दर्शकों को रॉयल्स के क्रिकेटर्स की कैप व हेलमेट के पीछे पूर्णिमा यूनिवर्सिटी का लोगो देखने को मिलेगा। साथ ही जयपुर स्थित पूर्णिमा यूनिवर्सिटी कैंपस में राजस्थान रॉयल्स के साथ मिलकर कई ऑन-ग्राउंड एक्टिविटीज आयोजित की जाएंगी।

यह साझेदारी दोनों संस्थानों के लिए एक अहम माइलस्टोन साबित होगी, जो शिक्षा व खेल में उत्कृष्टता के प्रति दोनों की साझा प्रतिबद्धता को साफ दर्शाती है। राजस्थान रॉयल्स के ऑफिशियल यूनिवर्सिटी पार्टनर के तौर पर पूर्णिमा यूनिवर्सिटी का लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्टूडेंट्स व फैन्स के शैक्षणिक एवं एथलेटिक अनुभवों को समान रूप से बढ़ाना है।

पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के को-फाउंडर राहुल सिंघी ने बताया कि हम जुनून, उत्साह एवं उत्कृष्टता की पर्याय राजस्थान रॉयल्स टीम के साथ जुड़कर



काफी रोमांचित हैं। हम साथ मिलकर मैदान के अंदर व बाहर स्टूडेंट्स को उनके सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करेंगे।





### अगले सीजन में होंगी आकर्षक गतिविधियां

राजस्थान रॉयल्स के सीईओ जेक लश मैक्रम ने बताया कि पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के साथ इस जुड़ाव के जरिए युवाओं व स्थानीय प्रशंसकों को टीम व फेवरेट प्लेयर्स से जुड़ने का अवसर मिलेगा। हमने साथ मिलकर आगामी खेल सीजन के लिए कई आकर्षक गतिविधियों की योजना बनाई है। हम स्थानीय स्टूडेंट्स के साथ गहरे संबंधों को बढ़ावा देने और पूर्णिमा यूनिवर्सिटी को राष्ट्रीय स्तर के दर्शकों तक पहुंचने का अवसर प्रदान करने के लिए तैयार हैं।

## Yuva स्टोरीज

### SKIT में शुरू हुआ वर्चुअल अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन



**बेधड़क** | जयपुर

स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोत्थान में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विभाग की ओर से 'एडवांसमेंट इन नैनो इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी' विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में संस्था के निदेशक शिक्षाविद प्रो. एस एल सुराणा ने संस्था की उपलब्धियों के बारे में बताया तथा आज के परिदृश्य में नैनो टेक्नोलॉजी के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रो. मुकेश अरोड़ा ने इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सम्मिलित विभिन्न आगंतुकों का स्वागत किया तथा सम्मेलन की विषय वस्तु पर विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में कुल 75 शोध पत्र आए जिनमें से समीक्षा के उपरांत 30 शोध पत्रों को प्रदर्शन के लिए चुना गया।

### विद्यार्थियों को दी ग्रीन टेक्नोलॉजी की जानकारी



**बेधड़क** | जयपुर

देशभर में ग्रामीण व शहरी युवाओं को निशुल्क प्रोग्राम 'ट्रस्ट ईवी अवेयरनेस ओथ प्रोग्राम' के तहत ग्रीन टेक्नोलॉजी जैसे सोलर और इलेक्ट्रिक व्हीकल के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसके तहत राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, सांगानेर में निशुल्क ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को सोलर व इलेक्ट्रिक व्हीकल का महत्व बताया गया। स्कूल प्रिंसिपल रमेश चंद शर्मा व आयुक्त विजय दान देथा ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए उन्हें पर्यावरण से संबंधित रोजमर्रा की आदतों को बदलने के लिए प्रेरित किया। जयपुर डिस्कॉम की सहायक अभियंता अलका जैन ने सोलर रूफ टॉप की जागरूकता का महत्व बताते हुए सभी को सोलर रूफ टॉप लगवाने के लिए प्रोत्साहित किया।

### वर्ल्ड यूथ फेस्टिवल में शामिल होंगे मनु व लवेन्द्र



**बेधड़क** | जयपुर

रूस सरकार की ओर से सोची में आयोजित होने वाले वर्ल्ड यूथ फेस्टिवल-2024 में भाग लेने के लिए जयपुर के दो युवाओं मनु कम्बोज और लवेन्द्र सिंह शेखावत को चुना गया है। यह फेस्टिवल प्रत्येक 5 वर्ष में एक बार आयोजित होता है, जिसमें 190 देशों के चुने हुए युवाओं को सम्मिलित किया जाता है। यहां वे अपने आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, युवा उद्यम इत्यादि मुद्दों पर अपने विचार व संस्कृति का आदान-प्रदान करते हैं। मनु कम्बोज ने वर्ष 2014 में एवं लवेन्द्र सिंह शेखावत ने वर्ष 2018 में भारत सरकार के अंतरराष्ट्रीय यूथ डेलीगेट में सम्मिलित होकर रूस व चीन में जयपुर का सम्मान बढ़ाया था। दोनों युवाओं को वर्ष 2017 एवं वर्ष 2019 में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

## IIS में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आगाज

# साइंस और ह्यूमैनिटीज के विषयों का हो रहा मिश्रण

**बेधड़क** | जयपुर

आईआईएस यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ इंग्लिश लिटरेचर एंड लैंग्वेज, स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज की ओर से शुक्रवार को यूनिवर्सिटी कैंपस में 'द ह्यूमैनिटीज टुडे : ग्लोबल एंड सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटीज' विषयक दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आगाज हुआ। रजिस्ट्रार डॉ. राखी गुप्ता, स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज की डीन डॉ. इला जोशी व डिपार्टमेंट ऑफ इंग्लिश लिटरेचर एंड लैंग्वेज की हैड डॉ. रिमिका सिंघवी और अशोका यूनिवर्सिटी, सोनीपत के नॉवलिस्ट व क्रिटिक सैकत मजूमदार ने दीप-प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

मुख्य सत्र के वक्ता अशोका यूनिवर्सिटी, सोनीपत के नॉवलिस्ट व क्रिटिक सैकत मजूमदार ने व्यवहार में मानविकी, लोक एवं शिक्षाशास्त्र विषय पर चर्चा की। उन्होंने मौजूदा मानविकी की संभावनाओं समेत सीमाओं, शिक्षा, राजनीति के बीच जटिल संबंधों को फोकस किया। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में तेजी से हो रहे मानविकी और विज्ञान में विषयों का मिश्रण सामाजिक, आर्थिक और बौद्धिक वास्तविकता बनता जा रहा है।

प्रारंभ में रजिस्ट्रार डॉ.राखी गुप्ता ने कॉन्फ्रेंस के लक्ष्य और उदेद्श्य की जानकारी दी। आईसीएसएसआर के सहयोग से हो रही इस कॉन्फ्रेंस में न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी, यूएसए की पूर्व ग्लोबल प्रतिष्ठित प्रो.राजेश्वरी सुंदर रंजन ने ह्यमैनिटीज को मुनासिब मानते हुए भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूके तीन अलग-अलग राष्ट्रीय संदर्भों में उच्च शिक्षण संस्थानों में ह्यूमैनिटीज की तुलना के बारे में बात की। कॉन्फ्रेंस में दुनियाभर से प्रतिष्ठित स्कॉलर्स और एक्सपर्ट्स और 15 स्पीकर्स समेत करीब 130 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। कॉन्फ्रेंस का अहम मकसद मौजूदा वैश्विक समाज में मानविकी की भूमिका पर चर्चा से इसे समृद्ध बनाना है। अंत में सम्मेलन की संयोजक और आयोजन सचिव डॉ. रिमिका सिंघवी ने सभी आगंतुकों का आभार जताया।





### 15 पेपर हुए प्रेजेंट, पुस्तक का विमोचन

सत्र के दौरान सार तत्वों की पुस्तक का विमोचन और जर्नल ऑफ आर्ट्स यूजीसी केयर लिस्टेड जर्नल, संस्करण जनवरी 2024 का विमोचन हुआ। सत्र के दौरान कुल 15 पेपर प्रेजेंट किए गए।
सत्र में वक्ता डॉ. बी.आर.अंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली के राधा चक्रवर्ती ने 'परिवर्तनकारी प्रतिमान: तुलनात्मक साहित्य, अनुवाद और मानविकी' विषय पर विचार रखे। यूनिवर्सिथ कॉलेज डबलिन, आयरलैंड में इंग्लिश के एसो.प्रो. एडम केली ने हाल के वर्षों में जलवायु बदलाव के मद्देनजर विकास की सीमाओं और गिरावट की संभावनाओं के बारे में सोचने में मानविकी की अहम भूमिका पर रोशनी डाली। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन, यूके के मार्टिन ओलिवर ने शिक्षा और प्रौद्योगिकी के पतन पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकियों को प्रासंगिक बनाने के बारे में फिर से सोचने की जरूरत है।

# सीनियर स्टूडेंट्स को भावभीनी विदाई



**बेधड़क** | जयपुर

तिलक नगर स्थित श्री माहेश्वरी उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को आयोजित फेयरवेल सेरेमनी में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को रंगारंग प्रस्तुतियों व शुभकामनाओं के साथ भावभीनी विदाई दी गई। समारोह का शुभारंभ अतिथि सीए आशीष मोदानी और डॉ. पुनीत गुप्ता ने स्कूल के मानद् सचिव कमल किशोर साबू, भवनमंत्री द्वारका दास नोवाल और विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। स्कूल के मानद् सचिव कमल किशोर साबू ने स्वागत भाषण व आशीर्वचनों से विद्यार्थियों को तनाव मुक्त रहकर परीक्षा देने और बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने की शुभकामनाएं दीं। सीए आशीष मोदानी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को सफलता के टिप्स दिए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. पुनीत गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों को जीवन लक्ष्य साधने के लिए प्रेरित करते हुए कीर्तिमान रचने का आशीर्वाद दिया। विद्यालय प्राचार्य अजय कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों को जीवन में सीखते रहने का क्रम कभी नहीं छोड़ने और परिश्रम के रंगों से जीवन को सजाकर उसे सुनहरा बनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समारोह को यादगार बना दिया।



### स्पोर्ट्स डे में दिखी बच्चों की खेल प्रतिभा

**जयपुर।** दुर्गापुरा शांति नगर स्थित फ्यूचर किंगडम स्कूल में शुक्रवार की स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया। स्टूडेंट्स में खेलों के प्रति रुचि उत्पन्न करने के लिए आयोजित स्पोर्ट्स डे कार्यक्रम में टीचर्स के निर्देशन में स्टूडेंट्स को कई तरह की खेल गतिविधियां कीं। कार्यक्रम में विभिन्न रोमांचक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इनमें फ्रॉग रेस, 50 मीटर रेस, बॉटल रिले रेस आदि जैसे खेल शामिल रहे। स्पोर्ट्स डे आयोजन का मेन उद्देश्य स्टूडेंट्स को पढ़ाई के साथ साथ फिजिकल एक्टिविटी करवाना और प्रैक्टिकल नॉलेज देना जिससे स्टूडेंट्स के व्यक्तित्व का विकास हो और कॉन्फिडेंस लेवल इंप्रूव हो सके। स्कूल की टीचर्स निधि शर्मा, माला शर्मा, ज्योति मिश्रा, रेखा, निशा ने बच्चों को गतिविधियां करवाईं। कार्यक्रम में बच्चों से सूर्य नमस्कार भी करवाया गया। स्कूल प्राचार्या समता जैन ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दी।

**अचीवमेंट** | **उपमुख्यमंत्री बैरवा ने किया सम्मान**

# रोड सेफ्टी पहल के लिए निर्वाण यूनिवर्सिटी पुरस्कृत

**बेधड़क** | जयपुर

निर्वाण विश्वविद्यालय को परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा माह के समापन एवं सम्मान समारोह में राजस्थान के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने उत्कृष्ट प्रयासों के लिए सम्मानित किया।

गौरतलब है कि निर्वाण विश्वविद्यालय में गत दिनों सड़क सुरक्षा माह में सराहनीय प्रयास किए गए। इसके अंतर्गत दो दिवसीय युवा प्रवर्धन के लिए छात्र संवर्धित प्रशिक्षण कार्यशाला 'सत्यम' का आयोजन किया गया एवं सड़क सुरक्षा प्रबंधन केंद्र एवं बीएलएस ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना की गई। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, अतिरिक्त मुख्य सचिव परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग डॉ. श्रेया गुहा, एडीजीपी यातायात विभाग डॉ. हवा सिंह घुमरिया व प्रबंध निदेशक राजस्थान रोडवेज नथमल डीडेल की उपस्थिति में यह समारोह सम्पन्न हुआ। निर्वाण विश्वविद्यालय चेयरमेन डॉ. एसएल सिहाग ने कहा कि विश्वविद्यालय परिवार के लिए यह प्रसन्नता और गौरव का विषय है। निर्वाण विश्वविद्यालय द्वारा अपने परिसर में नवस्थापित सड़क सुरक्षा प्रबंधन केंद्र एवं बीएलएस ट्रेनिंग सेंटर द्वारा सड़क सुरक्षा के लिए समाज और युवाओं में जागरूकता का प्रयास किया जाएगा।

भारत में सड़क दुर्घटनाओं के कारण बढ़ती मृत्युदर एक चिंतनीय विषय है। परिवहन और सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा इस प्रकार की कार्यशालाओं द्वारा समाज में क्षमता संवर्धन होगा। विश्वविद्यालय के वाइस चेयरमेन एंड सीईओ डॉ. आर के अरोड़ा ने कहा कि निर्वाण विश्वविद्यालय राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है और आए दिन राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। इस प्रकार की कार्यशालाओं द्वारा युवाओं में यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। इस प्रकार के सम्मान समारोह से शैक्षणिक संस्थाओं को सामाजिक भागीदारी के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।



### विद्यार्थियों को मिली आपदा राहत ट्रेनिंग

निर्वाण विश्वविद्यालय एसडीआरएफ ने एसएन इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज में पहल करते हुए 200 विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा और आपदा सहायता कार्यक्रम में शामिल किया गया। इस कार्यक्रम में इन विद्यार्थियों को CPR, गैस सिलेंडर आग प्रबंधन, बाढ़ में बचाव, और भूकंप प्रतिक्रिया आदि का प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही आवश्यक कौशल स्थापित करके एवं सक्रिय मानसिकता को बढ़ावा देकर, इस पहल से विद्यार्थियों की ज्ञान में वृद्धि हुई और भविष्य के स्वास्थ्य पेशेवरों के बीच सामुदायिक सहानुभूति के प्रति प्रतिबद्धता को भी बढ़ावा दिया गया। एसएन इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज की प्राचार्या प्रो. रेणु नागर ने बताया कि कार्यक्रम अवनीश शर्मा (आरपीएस) कमांडेंट की निर्देशन में एवं उप एसपी रामधन और टीम कमांडर राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में आपदा प्रबंधन के लिए क्षमता संवर्धन का कार्य करेगा।

# आस्था और विकास का 'ज्ञान' मार्ग



प्रेम प्रकाश
स्वतंत्र टिप्पणीकार

कुछ ही दिन के अंतराल में आए एक के बाद तीन बजटीय प्रस्ताव देश में राजस्व और विकास के बीच प्राथमिकताओं की एक नई अवधारणा को रेखांकित करते हैं। यह अवधारणा विकास और सुशासन के साझे को तो मुकम्मल करता ही है, यह परंपरा, विकास और संस्कृति को भी एक सीध में लाकर खड़ा कर देता है। कम से कम उदारवाद के तीन दशक के इतिहास में विश्व के आर्थिक जगत में यह एक विलक्षण स्थिति है। समाज और संस्कृति मिलकर किस तरह समावेशी विकास की दरकार को पूरा कर सकते हैं, इसको लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'ज्ञान' (GYAN) की अवधारणा इन दिनों चर्चा में है। 'ज्ञान' एक एक्रोनिम है। हिंदी में ऐसे शब्द आदिवर्णी या परिवर्णी शब्द कहे जाते हैं। यह सूचकाक्षर या एब्रिविएशन से भिन्न है। एक्रोनिम शब्द अपने उच्चारण के साथ जहां अलग से अर्थबोध देते हैं, वहीं इसमें प्रयुक्त अक्षर अलग-अलग शब्दों के संकेतक भी होते हैं।

इस लिहाज से 'ज्ञान' की अवधारणा को देखें, तो यह एक तरफ जहां भारत के ज्ञान और आस्था की परंपरा की तरफ इशारा है, तो वहीं यह गरीब, युवा, अन्नदाता किसान और नारी के साथ विकास का एक सामाजिक समाहार भी सामने रखता है। यह सर्व-समावेशी समाहार विश्व आर्थिक जगत के सामने विकास के उस बोध का भी प्रदर्शन है, जिसे हम भारतबोध कहते-मानते हैं। इस तरह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के विमर्श में अर्थ और उससे जुड़े सरोकारों का विनियोग भारत पहली बार देख रहा है। केंद्र सरकार के साथ राजस्थान और मध्य प्रदेश सरकार के अंतरिम और उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्ण सालाना बजट को देखें इस लिहाज से कुछ बातें स्पष्ट होती हैं। अंतरिम बजट होने के कारण केंद्र ने कोई बड़ी योजनागत घोषणा तो नहीं की, पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गरीब, युवा, अन्नदाता किसान और नारी (ज्ञान) सशक्तिकरण की प्राथमिकता को जरूर सामने रखा है। केंद्र सरकार के अंतरिम बजट की कसावट यह दिखाती है कि सुशासन के आवश्यक पहलू को इसमें समेटा गया है। अंतरिम बजट को कुछ हद तक आर्थिक घोषणा पत्र के तौर पर जरूर देखा जा सकता है, पर इसे चुनावी बजट की नजर से देखना सही नहीं होगा।

> *“इस रिपोर्ट के मुताबिक देश में 2013-14 से 2022-23 के बीच 24.82 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले हैं। अकेले देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश में पिछले नौ वर्ष के दौरान 5.94 करोड़ लोग स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जीवन स्तर के मामले में गरीबी से बाहर आए हैं। यह स्थिति देश में राज्यों के बीमारू और आर्थिक पिछड़ेपन से जुड़ी सारी समझ को अप्रासंगिक करार देती है। देश के सामाजिक चरित्र में आया चमकदार प्रदर्शन दिखाता है कि कल्याणकारी अर्थव्यवस्था का नया सर्ग 'ज्ञान' से जुड़ा नया भारतबोध है।”*

इस वर्ष अप्रैल और मई में 18वीं लोकसभा का गठन होना है। लिहाजा केंद्र सरकार ने अंतरिम बजट में लोक लुभावन घोषणाओं की जगह प्राथमिकताओं को गिनाया है। बजट का फोकस आर्थिक दूरदर्शिता पर है। पिछले एक दशक में योजनागत लक्ष्यों की तार्किकता पर जहां सरकार आगे के लिए भरोसा दिखा रही है, वहीं बाजार और वित्तीय व्यवहार का भी संकेत इस अंतरिम बजट में साफ झलकता है।

गौरतलब है कि सुशासन में लोक कल्याण और संवेदनशील शासन के साथ पारदर्शी व्यवस्था का होना अपरिहार्य है। अंतरिम बजट होने के कारण आयकर में कोई संशोधन सरकार की तरफ से प्रस्तावित नहीं है। यह आठ करोड़ से अधिक आयकरदाताओं को थोड़ा निराश भले करे, पर समावेशी और सतत विकास की अवधारणा के साथ विकसित भारत का संकल्प इससे कमजोर हो रहा है, हम ऐसा भी नहीं कह सकते हैं। बात करें देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश की तो इस मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी सरकार की आर्थिक प्राथमिकता को 'ज्ञान' की अवधारणात्मक धुरी पर पहले से कसना शुरू कर दिया था। प्रदेश सरकार के आठवें बजट में गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी यानी 'ज्ञान' पर फोकस साफ दिखता है। राज्य के इतिहास के सबसे बड़े और व्यापक लक्ष्य को साधने की घोषणा वाले इस बजट की सबसे अच्छी बात है कि राजकोषीय घाटे के साथ बेरोजगारी दर भी कम हुई है। आर्थिक विशेषज्ञों ने यूपी के बजट में आस्था के साथ आजीविका और विकास के समावेशी पहलू को महत्वपूर्ण माना है। इस महत्व को इस लिहाज से समझा जा सकता है कि अयोध्या और वाराणसी के सियासी और सांस्कृतिक मायने अब धर्म और आस्था से जुड़े आर्थिक पहलुओं को मजबूती दे रहे हैं। स्वतंत्र भारत के इतिहास में ही नहीं, बल्कि बीते सौ सालों के विश्व इतिहास में यह अपने तरह का नया प्रयोग है। एक ऐसा प्रयोग जिसके सिरे जहां जमीन पर उतरती नई विकास योजनाओं से गहरे जुड़े हैं, वहीं उद्यम जगत को इसमें अपने लिए कई संभावनाएं दिख रही हैं। इस बजट में महिला, किसान, गरीब व युवा सशक्तीकरण पर तो जोर है ही, सुशासन को लेकर भी चुस्ती का संकल्प दोहराया गया है। राजस्थान सरकार ने भी अपने अंतरिम बजट को 'ज्ञान' के साथ विकास से जुड़े सबका साथ और सबका विकास की समावेशी कसौटी पर खरा उतारने की कोशिश की है। 25 लाख ग्रामीण घरों को नल से जल, लाडो प्रोत्साहन योजना गरीब किसानों के बच्चों को पीजी तक निशुल्क शिक्षा और पांच लाख घरों को सोलर उर्जा से जोड़ने का राजस्थान सरकार का संकल्प यह दिखाता है कि बीते पांच वर्षों के कांग्रेस सरकार की आर्थिक अदूरदर्शिता से निकलकर प्रदेश अब सुविचारित लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मध्य प्रदेश में पहले से भाजपा सरकार थी। लिहाजा नई सरकार ने भी लाड़ली सहित सभी ऐसी योजनाओं को पूर्ववत जारी रखने का एलान किया है, जिससे विकास का सामाजिक चेहरा इकहरा नहीं बल्कि समावेशी और सर्वस्पर्शी दिखे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## समान नागरिक संहिता

# प्रगतिशील समाज के लिए बड़ा कदम



अवधेश कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

> *“डॉ. राम मनोहर लोहिया इसके प्रबल पैरोकार थे। विडंबना देखिए कि आज कम्युनिस्टों और समाजवादियों की मुखर आवाज भी इसके विरुद्ध है। इससे साबित होता है कि विरोध के पीछे ईमानदारी और नैतिकता नहीं है। संविधान के भाग 4 के अनुच्छेद 44 में संपूर्ण भारत के नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता देने की क्या कदम बढ़ाने की अपेक्षा की गई है। तो उसे अपेक्षा को पूरा करने की शुरुआत हो गई है।”*

उत्तराखंड सरकार द्वारा कॉमन सिविल कोड या समान नागरिक संहिता विधेयक पारित करना कायदे से ऐतिहासिक घटना मानी जानी चाहिए। गोवा में समान नागरिक संहिता की पृष्ठभूमि तथा प्रकृति अलग है। संविधान की स्वीकृति के समय से राष्ट्रीय स्तर पर जिस समान नागरिक संहिता की मांग की जा रही थी उस दिशा में कदम बढ़ाने वाला उत्तराखंड पहला राज्य बना है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उसके उत्तराधिकारी सत्तारूढ़ भाजपा, समान नागरिक संहिता की बात अवश्य करते थे, किंतु उसकी रूपरेखा सामने नहीं थी। पहली बार भाजपा की एक राज्य सरकार ने समान नागरिक संहिता का प्रारूप रख दिया है। इसके बाद अन्य भाजपा शासित राज्य और केंद्र द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर समान नागरिक संहिता पारित कर लागू करने की संभावना बलवती हुई है। विरोधियों की बात मानें तो यह भाजपा द्वारा अपना एजेंडा लागू करना है जिसका मूल उद्देश्य एक धर्म और उसकी मान्यताओं के अनुरूप समाज और व्यवस्था का निर्माण है। भाजपा के एजेंडा की बात समझ में आती है, पर इसे किसी रीलिजन, पंथ या मजहब को जोड़ने जैसे आरोप किसी दृष्टिकोण से सत्यापित नहीं होते। कुल 192 पृष्ठ और 392 धाराओं वाली इस संहिता में कहीं नहीं लिखा गया है कि फलां रीलिजन या पंथ के लोग ऐसा नहीं कर सकते या कर सकते हैं। किसी भी धार्मिक, पंथिक, मजहबी, सांस्कृतिक मान्यताओं, परंपराओं, रीति-रिवाजों पर इसका असर नहीं होगा। इनमें ऐसा कोई प्रावधान नहीं जिससे खान-पान, पूजा - पाठ, इबादत, वेशभूषा, रहन-सहन पर कोई प्रभाव पड़े। इसी तरह कोई किस तरीके से शादी करे, शादी- विवाह-निकाह कौन कराए इसके प्रावधान नहीं है। कहने का तात्पर्य कि समान नागरिक संहिता को लेकर अभी तक किया गया प्रचार झूठा साबित हुआ है कि इससे हिंदुओं के अलावा दूसरे रिलिजन के लोग अपनी परंपरा, रीति-रिवाज के अनुसार शादी - विवाह या अन्य कर्मकांड नहीं कर पाएंगे।

वास्तव में यह प्रगतिशील व्यवस्था और समाज निर्माण की दिशा का बड़ा कदम है। कोई प्रगतिशील व्यवस्था किसी की धार्मिक-सांस्कृतिक मान्यताओं, परंपराओं और रीति-रिवाजों को प्रतिबंधित करने या उन पर अंकुश लगाने जैसा विधान स्वीकार नहीं कर सकती। ऐसी कट्टरवादी संकीर्ण सोच के लिए सभ्य समाज में स्थान नहीं हो सकता। इसलिए मुस्लिम संगठनों, मजहबी नेताओं, या राजनीतिक दलों का विरोध केवल विरोध के लिए है। विरोधियों को परंपरागत दुराग्रह से बाहर आकर संहिता से वैसे प्रावधान सामने लाने चाहिए जिनसे वाकई संविधान प्रदत्त धार्मिक अधिकारों पर आघात किया गया हो। सारे विरोध और आरोप तबके हैं जब सामने ड्राफ्ट नहीं था। अब तो बात केवल प्रावधानों पर होनी चाहिए।



समान नागरिक संहिता जीवन के केवल पांच क्षेत्रों- विवाह, तलाक, गुजारा भत्ता, उत्तराधिकार और गोद लेना या दत्तकग्रहण के लिए है। उत्तराखंड समान नागरिक संहिता के चार खंड हैं, विवाह और विवाह विच्छेद या तलाक, उत्तराधिकार, सहवासी संबंध या लीव इन रिलेशनशिप और विविध। इसमें विवाह के लिए लड़कियों की न्यूनतम आयु 18 व लड़के की न्यूनतम 21 वर्ष रखी गई है तो बहु विवाह व बाल विवाह का निषेध है। सगे रिश्तेदारों से संबंध निषेध तो है पर यह उन पर लागू नहीं होगा जिनकी प्रथा या रूढ़ियां ऐसे संबंधों में विवाह की अनुमति देती है। इन सबसे किसका विरोध होगा और क्यों? हम जन्म और मृत्यु का पंजीकरण कराते हैं तो विवाह के पंजीकरण की अनिवार्यता क्यों नहीं होनी चाहिए? इसके ज्यादातर प्रावधान आपको सभी धर्म की महिलाओं और पुरुषों के बीच समानता पर आधारित न्यायपूर्ण प्रगतिशील समाज के निर्माण का ही संदेश देते हैं। उदाहरण के लिए पुरुष और महिला दोनों को तलाक के समान अधिकार होंगे तो पति या पत्नी में से किसी के जीवित रहने पर दूसरे विवाह की अनुमति नहीं होगी और महिला के द्वारा विवाह में कोई शर्त नहीं होगी। किसी को एक से अधिक विवाह करने का उन्माद हो या पुरुषों के समान महिलाओं को तलाक के अधिकार से समस्या तो उनको समान नागरिक संहिता से समस्या होगी।

तलाक की याचिका लंबित रहने पर भरण पोषण और बच्चों की अभिरक्षा से संबंधित प्रावधानों पर उन्हें ही आपत्ति हो सकती है जो सामाजिक न्याय नहीं चाहते। धार्मिक मान्यताओं से परे किसी व्यक्ति को पुनर्विवाह या तलाक के मामले में स्वच्छंदता नहीं दी जा सकती। समान नागरिक संहिता की प्रगतिशील प्रकृति का एक प्रमाण संपत्ति में पुरुषों के समान महिलाओं को समान अधिकार दिया जाना है। इससे किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए कि किसी भी परिवार के जीवित बच्चे, पुत्र अथवा पुत्री संपत्ति में बराबर के अधिकारी होंगे। हालांकि लिव इन रिलेशनशिप संबंधित प्रावधानों से भाजपा एवं संघ परिवार के अंदर थोड़ी असहजता भी महसूस हुई है। लिव-इन रिलेशनशिप को पंजीकरण कराने और न करने पर दंड तथा उस अवधि में पैदा होने वाले बच्चों को वैध संतान की मान्यता या पुरुष द्वारा लिव इन की महिला को छोड़ने पर महिला को भरण पोषण की मांग के अधिकार से आशंका पैदा हुई है कि ऐसे संबंध विस्तारित हो सकते हैं। समाज और परिवार के मान्य बंधन कायम रहे इस दृष्टि से विवाह के समान ही संबंधों पर लिविंग में रहने की अनुमति नहीं दी गई है। हां, जहां की रूढ़ियां या प्रथाएं ऐसे संबंधों में विवाह की अनुमति देते हैं उन पर लागू नहीं होगा पर ये रूढ़ियां और प्रथाएं लोक नीति और नैतिकता के विपरीत नहीं होने चाहिए। हाल के वर्षों में देखा गया है की परिवार और रिश्तेदारी के ऐसे संबंधों में लिव इन या शादी के मामले बढ़े हैं, जिनको मानता नहीं थी और इससे समस्याएं पैदा हुई है। परिवार व्यवस्था की मर्यादा को बनाए रखने के लिए यह प्रावधान आवश्यक है। वैसे लिव इन प्रावधान भी महिलाओं के पक्ष में हैं। लव जिहाद की बढ़ती घटनाओं की दृष्टि से ऐसे कानून की मांग की जा रही थी जिनकी शिकार लड़कियों और महिलाओं तथा उनसे पैदा हुए बच्चों को सुरक्षा और संरक्षण प्राप्त हो। पर इसके खतरों को भी अस्वीकार नहीं किया जा सकता।

कुल मिलाकर समान नागरिक संहिता स्वतंत्रता के बाद समाज के सभी अंगों पुरुष स्त्री बच्चों के लिए सामाजिक न्याय सुनिश्चित करती है। यह प्रगतिशील लोकतांत्रिक और परस्पर सम्मान पर आधारित समाज के निर्माण के सपने को पूरा करने का विधान है। यह कहना भी गलत है कि इसे अचानक लाया गया है। धामी सरकार द्वारा गठित न्यायमूर्ति रंजना देसाई समिति ने इस पर विस्तार से कार्य किया है। अन्य देशों की संहिताओं, संविधान सभा में हुई बहस आदि का अध्ययन किया गया, लोगों से सुझाव मांगे और जगह-जगह बैठकें की। राज्य स्तर पर लोगों से मिलने के बाद जिला स्तर तक गए और करीब 75 सभायें की। समिति को ढाई लाख से अधिक सुझाव प्राप्त हुए। किसी भी व्यक्ति, समूह, संगठन या संस्था को समिति से मिलकर राय देने का निषेध नहीं था। इनमें राजनीतिक दल और नेता भी शामिल हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# भैया जी के जीवन में ऋतु और राज का आगमन!



मुकेश राठौड़
व्यंग्यकार

एक बार फिर ऋतुराज बसंत का आगमन हो गया है। बकौल महाकवि पद्ममाकर "बनन में बागन में बगरो बसंत है। "उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम बासंती हवा बह रही है। इस हवा में पत्ता-पत्ता,बूटा-बूटा उड़े जा रहे हैं। जो न उड़ रहे वो ठूंठ बनकर खड़े हैं। ठूंठ निर्जीविता का प्रतीक है क्योंकि वह स्थिर होता है। श्वसन,परिसंचरण भर कर लेने से कोई सजीव नहीं हो जाता। सजीव कहलाने के लिए गति और प्रचलन भी चाहिए।

पोषण तो खैर चाहिए ही चाहिए तभी तो वृद्धि और विकास संभव है। भैया जी की इनकमिंग के आउटसोर्स बंद क्या हुए, आउटग्रोथ ही रुक गई। "बरसात भी आकर चली गई, बादल भी गरज कर बरस गए" लेकिन भैया न तो भीग सकें और न गरज सकें। काले बादल ही गरजते और बरसते हैं वरना तो वो धुएं से ज्यादा कुछ नहीं। बसंत भी आए मगर भिया मजबूरीवश संत बने रहे। मोह और माया से कोसों दूर। करते भी क्या! पव्वा फंसाकर गम भुलाने के बजाय चिलम चढ़ाकर संत बने रहने में ही भलाई है। इससे पहले कि कोई पेट सफा टाइप चूर्ण लेकर आ धमके भैया जी ने उल्टी की तरह पलटी का मन बनाया। हालांकि वे पलटूराम नहीं लेकिन "नेता हो या रोटी कुर्सी और तवे पर चढ़ने के बाद कम से कम एकबार पलटना ही चाहिए। ऐसा न हो तो ऊपर से फटने और नीचे से जलने का भय रहता है।" जली रोटी किसी काम की नहीं। आखिर इंतजार की भी हद होती है। कुर्सी की खेंच ऐसे हुई कि "सुहानी रात ढल चुकी,ना जाने तुम कब आओगे..." वैसे भी पार्टी है कोई कुटुंब- परिवार नहीं जिसमें कुलदेवी पूजनी हों या सूतक पालना हों। सो भैया जी ने जैसे ही "दिल देने और दिल लेने की रुत आई" काफी सोच विचारकर पलटने का मन बनाया और फिर एक दिन आखिर पलट ही गए। देखने वालों ने भले दांतों तले अंगुली और बगल तले हाथ दबा लिए हों, मगर भिया को अपने पलटने पर जरा भी आश्चर्य नहीं हुआ। उन्होंने न तो उंगली और न हाथ दबाएं। दबने-दबाने का काम था ही नहीं। हालांकि उनके लिए पलटने का यह पहला मौका था लेकिन भैया जी पलटने के लिए हमेशा से मानसिक रूप से तैयार रहें। ये बात और है कि शारीरिक रूप से अब जाकर तैयार हुए। जमाने के लिए उनका पलटना बहुत हद तक धरती पलटने जैसा था, लेकिन उनके लिए पलटना करवट बदलने से ज्यादा कुछ नहीं। मौसम बदलने पर समझदार आदमी ने बदलाव कर ही लेना चाहिए। हम कोई फिल्मी नायक तो नहीं जिनसे किसी नायिका ने "मेरे यार बदल ना जाना मौसम की तरह" जैसा कोई वचन छुड़ा रखा हों। भैया जी पलटे तो ठूंठ पर कोपलें फूटने लगी। देखते ही देखते वे हरे और भरे होने लगें। उनके पेड़ होने का अर्थ सार्थक होने लगा। लगा जीवन में एक बार फिर से बसंत आ गया। जब ऋतु आ गई तो फिर राज भी आ ही जाएगा। यही सोचकर तो वे उधर से इधर आए हैं। बताते हैं 'ग्राफ्टिंग' के लिए बसंत से बढ़िया कोई ऋतु नहीं।

## नॉलेज कॉर्नर: आर्टिकल-19 नागरिकों को मिले कई अधिकार

# इस तरह से कर सकते हैं बंद का ऐलान!

संयुक्त किसान मोर्चा और अन्य ट्रेड यूनियन ने शुक्रवार को ग्रामीण भारत बंद बुलाया था। किसानों-मजदूरों से अपना काम बंद करने की अपील की गई। हालांकि, भारत बंद का बहुत व्यापक असर नहीं दिखाई दिया। पिछले साल भी भारत बंद बुलाया गया था, लेकिन इसको लेकर मन में कई सवाल उठते हैं। सवाल है कि क्या लोगों या किसी संगठन को संविधान यह अधिकार देता है कि वो भारत बंद बुला सकें। या फिर यह किसी तरह के अपराध के दायरे में आता है। किन हालातों में एक्शन लिया जा सकता है। आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं इन दिलचस्प सवालों के जवाबों के बारे में...

### भारत बंद अपराध या अधिकार, ऐसे समझें

भारत एक लोकतांत्रिक देश है। यहां लोगों को उनकी बात कहने का अधिकार देता है। भारतीय संविधान का आर्टिकल-19 अपने नागरिकों को कई तरह के अधिकार देता है। आर्टिकल 19 (ए) भारतीय नागरिकों को भाषण देने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार देता है। सेक्शन-बी के तहत लोग शांतिपूर्वक बिना किसी हथियारों के कहीं पर इकट्ठा हो सकते हैं। संविधान में इस तरह की फ्रीडम दी तो गई हैं, लेकिन इनके साथ कुछ पॉइंट्स को भी जोड़ा गया है। अब इसे भारत बंद के



जरिए समझ लेते हैं। संविधान कहता है, देश में शांतिपूर्वक तरीके से भारत बंद करने पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हो सकती, क्योंकि नागरिकों के अपने कुछ अधिकार हैं। लेकिन यही भारत बंद अगर हिंसक होता है, प्रदर्शनकारी पब्लिक प्रॉपर्टी को जलाते हैं। लोगों को नुकसान पहुंचाते हैं। जबदरस्ती डरा धमकाकर लोगों की दुकानों को बंद कराते हैं तो कार्रवाई की जा सकती है।

### क्या है कानून?

भारतीय संविधान कहता है आप शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर सकते हैं, लेकिन इसमें किसी तरह के हथियारों को नहीं ले जा सकते। ऐसे आंदोलन या प्रदर्शन हिंसक होते हैं और इसमें शामिल लोग पब्लिक प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाते हैं तो इससे प्रिवेंशन ऑफ डैमेज ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट 1984 से निपटा जाता है। यह कानून कहता है कि अगर कोई सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाएगा तो उसे पांच साल तक की कैद और जुर्माने से दंडित किया जाएगा।

### यूपी सरकार लाई कानून

*जब CAA को लेकर यूपी में प्रदर्शन हुए थे तो योगी सरकार इस पर कानून लेकर आई थी। इसका नाम था यूपी कम्पनसेशन फॉर डैमेज टू पब्लिक एंड प्राइवेट प्रॉपर्टी एक्ट। यह कानून कहता है कि दंगाइओं से पब्लिक प्रॉपर्टी की भरपाई कराई जाएगी। शांतिपूर्वक प्रदर्शन और भारत बंद तो किया जा सकता है, लेकिन हिंसक होने पर कार्रवाई होगी।*

कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन

## X



**भजनलाल शर्मा**, मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
राजस्थान की भाजपा सरकार ने पहले बजट में ही युवाओं के लिए 70 हजार भर्तियां निकाली हैं। पेपर लीक की जांच व रोकथाम के लिए सरकार ने SIT का गठन किया और केंद्र सरकार ने पेपर लीक पर कड़ा कानून बनाया है। अब पेपर लीक माफिया गलत काम करने से पहले 100 बार सोचेंगे...



**आनंद महिंद्रा**, उद्यमी
@anandmahindra
"हिम्मत नहीं छोड़ना, बस!"
कड़ी मेहनत। साहस। धैर्य।
एक पिता के लिए एक बच्चे में प्रेरणा देने के लिए इससे बेहतर गुण और क्या हो सकते हैं? एक प्रेरणादायक माता-पिता होने के नाते, यह मेरा सौभाग्य और सम्मान होगा अगर नौशाद खान थार का उपहार स्वीकार करेंगे।



**जगदीश वासुदेव**, आध्यात्मिक एवं योग गुरु
@SadhguruJV
जानने की दिशा में पहला कदम यह देखना है कि आप नहीं जानते हैं।

**बिहार में सियासी उलटबांसी:** लालू बोले- नीतीश विपक्षी गठबंधन में लौटते हैं तो देखेंगे, उधर नीतीश का 'समीक्षा दांव'

# तेजस्वी समेत RJD के कई पूर्व मंत्रियों तक पहुंचेगी जांच की आंच

**एजेंसी** | पटना

बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में गत दिनों राजग की सरकार के गठने के बाद से ही सियासी उलटबांसी वाले बयानों और दावों का सिलसिला जारी है। अब राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा कि नीतीश कुमार दोबारा विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में आते हैं, तो देखेंगे।

दूसरी ओर नीतीश कुमार की सरकार अब पूर्ववर्ती महागठबंधन सरकार में शामिल रहे राजद कोर्ट के कुछ मंत्रियों के विभागों के कामकाज की समीक्षा होगी। सरकार ने जिन विभागों के कार्य और फैसलों की समीक्षा का निर्णय किया है, उनमें से चार विभाग तेजस्वी यादव के पास थे। इनमें स्वास्थ्य, पथ निर्माण, नगर विकास एवं आवास विभाग और ग्रामीण कार्य विभाग शामिल हैं। तेजस्वी के अलावा आरजेडी के दो अन्य तत्कालीन मंत्रियों रामानंद यादव और ललित यादव के विभागों के कामकाज की समीक्षा होगी। रामानंद यादव के पास रखान एवं भू-तत्व विभाग और ललित यादव के पास लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग था। बताया जा रहा है कि सभी फैसलों की जांच होगी, उसके बाद कार्रवाई होगी।





मंत्रिमंडल सचिवालय ने संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव व सचिवों को इस संबंध में जो पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि पहली अप्रैल 2023 के बाद संबंधित विभागों ने जो कार्य किए और जो निर्णय लिए उनकी समीक्षा की जाए।

पत्र में स्पष्ट किया गया है कि यदि आवश्यक हो तो सक्षम प्राधिकार से अनुमोदन के बाद उन निर्णयों और आदेशों में संशोधन कर दिया जाए। पत्र में यह भी कहा गया है कि इस संबंध में विभागीय मंत्री को संबंधित आदेशों की जानकारी दी जाए एवं मंत्री से आवश्यक निर्देश भी प्राप्त किए जाए।

### दरवाजा तो खुला है, आएंगे तो देखेंगे

दूसरी ओर पटना में शुक्रवार को राजद प्रमुख लालू यादव से पूछा से पूछा कि क्या नीतीश कुमार के लिए दरवाजा खुला है? इस पर राजद प्रमुख ने कहा कि हमारा दरवाजा खुला ही रहता है। लालू ने साथ ही यह भी कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि नीतीश कुमार ऐसा काम करेंगे। ज्ञात रहे कि लालू और नीतीश के बीच गुरुवार को विधानसभा परिसर में भी मुलाकात हुई थी। उस दौरान दोनों नेता एक दूसरे से बड़ी गर्मजोशी से मिले थे। नीतीश ने लालू के कंधे पर हाथ रखा और हालचाल जाना। वही पास खड़े तेजस्वी यादव से मुस्कुराते हुए नीतीश कुमार ने बात की। बगल में खड़ी राबड़ी देवी को हाथ जोड़कर नमस्कार किया। दोनों नेताओं के बीच गठबंधन टूटने के बाद पहली बार मुलाकात में किसी तरह की तल्खी नहीं देखी गई थी।

### नीतीश ने हाथ जोड़कर मांगी थी माफी

**कैमूर।** राजद नेता तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को दावा किया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पार्टी के साथ गठबंधन करने से पहले उनके माता-पिता (लालू यादव व राबड़ी देवी) पिछले विश्वासघातों के लिए माफी मांगी थी। तेजस्वी ने बिहार के कैमूर जिले के मोहनिया में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत आयोजित एक एक रैली को संबोधित करते हुए यह दावा किया। कुमार के अचानक भाजपा के नेतृत्व वाले राजग में वापस चले जाने पर पिछले महीने तेजस्वी ने उपमुख्यमंत्री की कुर्सी खो दी थी।

### चंपई कैबिनेट का विस्तार, हेमंत सोरेन के भाई बने मंत्री



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन कैबिनेट के नए सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। रांची राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित समारोह में सबसे पहले रामेश्वर उरांव ने शपथ ली। इसके बाद दीपक बिरुवा, बन्ना गुप्ता, बादल, मिथिलेश ठाकुर, बसंत सोरेन, हफीजुल हसन अंसारी और बेबी देवी को मंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई। शपथ लेने वालों में से एक बसंत सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) प्रमुख शिबू सोरेन के सबसे छोटे बेटे और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के छोटे भाई हैं।

### पिछड़ा वर्ग आयोग ने मराठा आरक्षण पर सौंपी रिपोर्ट

**मुंबई।** महाराष्ट्र पिछड़ा वर्ग आयोग ने शुक्रवार को मराठा समुदाय के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक पिछड़ेपन पर सर्वेक्षण रिपोर्ट सौंपी है। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री कार्यालय ने दी है। इस बीच, सीएम एकनाथ शिंदे ने मनोज जरांगे से भूख हड़ताल खत्म करने की अपील की है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि रिपोर्ट सरकार को आवश्यक डेटा के साथ मराठा समुदाय के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने वाला कानून पेश करने में ताकत देगी। जिसमें लगभग 2.5 करोड़ परिवारों को शामिल किया गया है। रिपोर्ट आयोग के अध्यक्ष पूर्व न्यायाधीश सुनील शुक्रे ने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में सीएम शिंदे को सौंपी। सीएम शिंदे के हवाले से कहा गया कि सर्वेक्षण निष्कर्षों पर राज्य कैबिनेट की बैठक में चर्चा की जाएगी।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कांग्रेस पर तीखा प्रहार,** कहा...

# एक स्टार्टअप संभाल नहीं पा रहे देश संभालने का सपना देख रहे हैं

**एजेंसी** | रेवाड़ी

लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्हों ने शुक्रवार को हरियाणा के रेवाड़ी में एक जनसभा में कहा कि एक परिवार के मोह में फंसी कांग्रेस का हरियाणा में भी वही हाल है। यह आज अपने इतिहास के सबसे दयनीय दौर में गुजर रही है। इनके नेता से अपना एक स्टार्टअप नहीं संभल रहा है। ये लोग देश संभालने का सपना देख रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अबकी बार 400 पार का आर्शीवाद मिलेगा। पीएम मोदी शुक्रवार को यहां देश के 22वें ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (एम्स) का शिलान्यास करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। पीएम ने एम्स के साथ 9750 करोड़ रुपए की 5 परियोजनाओं का भी शिलान्यास और उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने सभा में विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि अब वह भी जय सियाराम बोलने लगे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने एक परिवार के हित को ऊपर रखा है।



पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के पुराने नेता एक एक करके इनको छोड़कर जा रहे हैं। जिन्होंने इनके साथ आने का वादा किया था, वह भी भाग रहे हैं। कांग्रेस के पास अपने कार्यकर्ता तक नहीं बचे हैं। जहां कांग्रेस सरकार हैं, वहां वह अपनी सरकार नहीं संभाल पा रहे हैं।

हिमाचल में लोगों को वेतन देने में दिक्कतें आ रही हैं। कांग्रेस सोचती है कि सत्ता में रहना उसका जन्मसिद्ध अधिकार है, इसलिए जब से ये गरीब का बेटा प्रधानमंत्री बना है, तब से मेरे खिलाफ साजिश हो रही हैं, लेकिन आपके आशीर्वाद के कारण मैं सुरक्षित हूं।

**भाजपा की मेगा बैठक आज से**

## चुनावों की व्यूहरचना पर होगा मंथन

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश में लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी सियासी व्यूहरचना में जुटी भाजपा की दो दिवसीय बैठक शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में भारत मंडपम में शुरू होगी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा बैठक का उद्घाटन करेंगे और पीएम मोदी रविवार को समापन भाषण देंगे। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी का एजेंडा पेश कर सकते हैं। भाजपा ने इस बार लोकसभा चुनाव में 370 और राजग को 400 पार सीटें दिलाने का नारा दिया है। पीएम मोदी भी यह बात कह चुके हैं। इसलिए बैठक में इस नारे को केंद्र में रखकर रणनीति बन सकती है।

भाजपा की बैठक में लगभग 11,500 पार्टी सदस्यों के शामिल होने की संभावना है। निर्वाचित पंचायत प्रमुखों से लेकर पार्टी जिला अध्यक्षों और कई केंद्रीय मंत्री इस मेगा बैठक में शामिल होंगे। गौरतलब है कि यह देश भर से भाजपा प्रतिनिधियों की सबसे बड़ी बैठकों में से एक होगी। भाजपा के कुछ नेताओं ने 1995 में पार्टी द्वारा मुंबई में आयोजित विशाल सम्मेलन को याद किया। सूत्रों के अनुसार दो दिवसीय अधिवेशन के पहले दिन 17 फरवरी को पदाधिकारियों की बैठक होगी। उसके बाद अन्य सत्र होंगे। इनमें दो प्रस्ताव भी पारित किए जाएंगे।

बैठक में मुख्यमंत्रियों, राज्य मंत्रियों, राज्य पार्टी अध्यक्षों और देश भर के संगठनात्मक नेताओं सहित वरिष्ठ भाजपा नेता भाग लेंगे।

**अजित का शरद पवार पर फिर प्रहार**

## वरिष्ठ नेता का बेटा होता तो पार्टी का अध्यक्ष मैं होता

**एजेंसी** | पुणे

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को अपने चाचा और दिग्गज नेता शरद पवार पर फिर सियासी हमला किया। अजित ने कहा कि अगर वह वरिष्ठ नेता के बेटे होते तो आसानी से पार्टी अध्यक्ष बन जाते। अजित ने इस आरोप से भी इनकार किया कि भ्रष्टाचार के मामलों की वजह से उन्हें पाला बदलना पड़ा। ज्ञात रहे कि अजित ने पिछले साल शरद पवार से बगावत करके शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल हो गए थे।

अजित पवार ने पार्टी के एक कार्यक्रम में कहा कि उन पर शरद पवार की ओर से बनाई गई पार्टी को चोरी करने का आरोप लगाया गया, लेकिन भारत के चुनाव आयोग और महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया। इससे यह बात तो साबित हो गई है कि अजित गुट ही असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने आगे कहा कि पूरा परिवार मेरे खिलाफ है, लेकिन पार्टी कार्यकर्ता उनके साथ हैं। उन्होंने कहा कि हमें बदनाम किया गया।



### शरद पवार पहुंचे सुप्रीम कोर्ट, जल्द सुनवाई की मांग

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग की तरफ से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) का नाम और चुनाव चिह्न अजित पवार के गुट को दिए जाने के खिलाफ शरद पवार गुट ने याचिका दायर कर सुप्रीम कोर्ट से जल्द सुनवाई की मांग की गई है। वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने का उल्लेख करते हुए कहा कि चुनाव आयोग के आदेश के चलते शरद पवार को अजित पवार के व्हिप का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए मामले पर जल्द सुनवाई होनी चाहिए। भारत के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि वह मामले की तत्काल सुनवाई पर गौर करेगी। राकांपा के दो धड़े बनने के बाद छह महीने से अधिक समय तक पार्टी पर हक को लेकर चुनाव आयोग में सुनवाई चली।

**योगी सरकार का अहम फैसला**

## उत्तर प्रदेश में हड़ताल पर छह माह तक रोक

**एजेंसी** | लखनऊ

किसान आंदोलन को देखते हुए उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रदेश में छह महीने के लिए हड़ताल पर रोक लगा दी है। अधिसूचना के अनुसार सरकारी विभागों, राज्य सरकार के अधीन सभी निगमों और प्राधिकरणों पर भी यह नियम लागू होगा।

अपर मुख्य सचिव (कार्मिक) डॉ. देवेश चतुर्वेदी की ओर सेअधिसूचना में कहा गया गया है कि एस्मा लगने के बाद कोई भी



कर्मचारी हड़ताल-प्रदर्शन करता है तो एक्ट के उल्लंघन के मामले में उसकी बिना वारंट गिरफ्तारी होगी। योगी सरकार ने 2023 में छह महीने तक के लिए हड़ताल पर रोक लगाई थी।

**पश्चिम बंगाल: संदेशखाली को लेकर सियासी माहौल गरमाया**

## भाजपा-कांग्रेस के प्रदर्शन, धरने पर बैठे अधीर

**एजेंसी** | कोलकाता

पश्चिम बंगाल में संदेशखाली हिंसा को लेकर राज्य का सियासी पार गरमाया हुआ है। भाजपा और टीएमसी के बीच जुबानी जंग में अब कांग्रेस भी शामिल हो चुकी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद अधीर रंजन चौधरी शुक्रवार को संदेशखाली पहुंचे। वहीं रामपुर में पुलिस और कांग्रेस प्रतिनिधियों के बीच झड़प हो गई। हालांकि, इस दौरान चौधरी को पुलिस ने संदेशखाली क्षेत्र जाने से रोका तो वह सड़क पर ही धरने में बैठ गए। वहीं, भाजपा के छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को पुलिस



ने रास्ते में ही रोक दिया था। जिसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी बहस हो गई। बाद में भाजपा प्रतिनिधिमंडल सदस्य सड़क पर ही धरने पर बैठ गया। बाद में प्रतिनिधिमंडल के सदस्य राज्यपाल से मिलने पहुंचे।

### महिलाओं ने लगाया था शोषण का आरोप

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में स्थित गांव संदेशखाली इन दिनों भारी विरोध प्रदर्शन हो रहा है। दरअसल गांव की महिलाओं ने बीते दिनों आरोप लगाए थे कि टीएमसी नेता शाहजहां शेख और अन्य टीएमसी नेताओं ने उनकी जमीनों पर कब्जा कर लिया और कुछ महिलाओं ने टीएमसी नेताओं पर यौन शोषण के भी आरोप लगाए थे। इसे लेकर संदेशखाली में महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

### अजा आयोग की राष्ट्रपति शासन की मांग

नई दिल्लीराष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के प्रतिनिधिमंडल ने बंगाल के संदेशखाली की घटना पर अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी है। अनुसूचित जाति आयोग के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को संदेशखाली का दौरा किया था। शुक्रवार को आयोग ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप दी। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सदस्यों में अरुण हलदर, सुभाष रामनाथ पारदी और डॉ. अंजू बाला शामिल हैं। आयोग के सदस्यों ने संदेशखाली में पीड़ितों से मुलाकात की और उन पर हुए कथित अत्याचार की जानकारी ली। आयोग की सदस्य डॉ.अंजू बाला ने पीड़ित परिवार से बात करने के बाद राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए और मांग की कि संदेशखाली में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए ताकि लोग सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि सीएम ममता बनर्जी नहीं चाहतीं कि कुछ भी बाहर आए। महिलाओं के खिलाफ हुई प्रताड़ना की एफआईआर भी दर्ज नहीं की गई है। देश उन्हें माफ नहीं करेगा। हम चाहते हैं कि संदेशखाली में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए।

**न्याय यात्रा: बिहार में मिला तेजस्वी का साथ... यूपी में चंदौली पहुंची**

# अमीरों के लिए था प्राण प्रतिष्ठा समारोह, गरीब के लिए कुछ नहीं: राहुल

**एजेंसी** | चंदौली

बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव शुक्रवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हुए। वे सासाराम में राहुल गांधी के साथ जीप पर सवार नजर आए। यात्रा बिहार के अंतिम पड़ाव में है।

शुक्रवार को यात्रा का 34वां दिन था। शुक्रवार शाम न्याय यात्रा उत्तर प्रदेश के चंदौली पहुंची । इस दौरान कांग्रेसजनों ने यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया। इसके बाद यात्रा नेशनल इंटर कॉलेज के ग्राउंड पहुंची. जहां कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह केवल अमीरों के लिए था। वहां




अरबपतियों के लिए कालीन बिछाई गई थी। केवल अमीरों को ही आमंत्रित किया गया था, गरीबों के लिए कुछ नहीं। उन्होंने जनता से पूछा राम मंदिर आयोजन में क्या कोई गरीब दिखा, मजदूर दिखा.... दिखे अमिताभ बच्चन, ऐश्वर्या राय, अडाणी और अंबानी। चंदौली में जनसभा के में राहुल गांधी ने अमिताभ बच्चन और ऐश्वर्या राय का नाम 6 बार लिया।

राहुल गांधी ने कहा कि बॉर्डर पर आते ही पता चल गया कि यूपी में आ गए हैं। उन्होंने कहा कि हम भाषण नहीं देते, आपसे 7-8 घंटे मिलते हैं, आपका दुःख दर्द सुनते हैं फिर आखिर में 15 मिनट बोलते हैं। जनसभा स्थल से महज 400 मीटर दूरी पर स्थित शहीद स्मारक के लिए भी राहुल गांधी कार से पहुंचे। जनसभा के मंच तक भी राहुल गांधी ओपन कार से पहुंचे।

राहुल गांधी ने कहा कि देश में दो तरह की विचारधारा है। एक भाई को भाई से जोड़ती है और एक भाई से भाई की नफरत कराती है। इस यात्रा के माध्यम से नफरत के बाजार में मैं मोहब्बत की दुकान खोलने आया हूं। पिछली यात्रा से इस यात्रा में एक अलग मुद्दा न्याय का जोड़ा गया है। सरकार का गरीबों और किसानों की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। देश में हिंसा फैल रही है। इसका मुख्य कारण है कि किसानों, गरीबों, महिलाओं और युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है। इससे पहले, गुरुवार को यात्रा औरंगाबाद पहुंची। यहां लोगों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भाजपा पर जमकर हमला बोला।

### प्रियंका अस्वस्थ, यात्रा में नहीं हो सकी शामिल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा स्वास्थ्य कारणों की वजह से शुक्रवार को 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल नहीं हो सकी। पहले से तय कार्यक्रम के मुताबिक उन्हें शुक्रवार शाम उत्तर प्रदेश के चंदौली से यात्रा में शामिल होना था। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर खुद के अस्वस्थ होने और अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी दी। उन्होंने लिखा, मैं बड़े चाव से उत्तर प्रदेश में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के पहुंचने का इंतजार कर रही थी, लेकिन बीमारी की वजह से मुझे आज ही अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। स्वास्थ्य थोड़ा बेहतर होते ही मैं यात्रा में शामिल होउंगी।

### आज पल्लवी पटेल शामिल हो सकती हैं यात्रा में

अपना दल (कमेरावादी) ने घोषणा की है कि प्रयागराज में कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में पार्टी नेता पल्लवी पटेल शामिल होंगी। 17 फरवरी को राहुल गांधी की भारत जोड़ों न्याय यात्रा वाराणसी पहुंचेगी। यहां राहुल गांधी श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद यात्रा के लिए आगे बढ़ेंगे। इस यात्रा के दौरान राहुल गांधी, गोदौलिया पर लोगों को संबोधित भी करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, यहीं पर पल्लवी पटेल वाराणसी में राहुल गांधी के साथ जुड़ेंगी। इसके अलावा सपा प्रमुख अखिलेश यादव के भी बाद में न्याय यात्रा में शामिल होने की उम्मीद है।

## जरूरी खबर

### इसरो: सैटेलाइट कार्टोसैट-दो 17 साल बाद अलविदा

**बेंगलुरु।** 17 साल पहले लॉन्च किया गया भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का उपग्रह कार्टोसैट-2 नष्ट हो गया। इसरो के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि उपग्रह कार्टोसैट-2 को 14 फरवरी को अंतरिक्ष से पृथ्वी के वायुमंडल में लाया गया। सैटेलाइट ने 14 फरवरी को तीन बजकर 48 मिनट पर हिंद महासागर के ऊपर पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया। इसरो अधिकारी ने कहा, ऐसे में या तो सैटेलाइट जल गया होगा या उसका बचा हुआ हिस्सा समुद्र में गिर गया होगा, जिसको हम ढूंढ नहीं पाएंगे। इसरो के मुताबिक, कार्टोसैट-2 सैटेलाइट को 10 जनवरी, 2007 को लॉन्च किया गया था। लॉन्च के समय इसका वजन 680 किलोग्राम था और यह 635 किमी की ऊंचाई पर सन-सिंक्रोनस पोलर ऑर्बिट में तैनात किया गया था। साल 2019 तक यह शहरी नियोजन के लिए हाई-रेजोल्यूशन तस्वीरें मुहैया कराता था।

### दिल्ली: फैक्ट्री में आग लगने से 11 लोग जिंदा जले



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के अलीपुर में एक पेंट फैक्टरी में आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गई। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग के मुताबिक, फैक्टरी में दो और लोगों के फंसे होने की संभावना है। अग्निकांड में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या और गैर इरादतन हत्या की प्रयास का मामला दर्ज किया है। अग्निशमन विभाग ने बताया कि दो पेंट और केमिकल गोदाम में आग लगने से यह हादसा हुआ। सूत्रों के अनुसार बेहद संकरे इलाके में स्थित इस पेंट फैक्टरी में हादसे के समय मजदूर कार्य में जुटे थे, अचानक लगी आग के बाद उन्हें बाहर निकलने का मौका तक न मिला।

### टाइम बम बनाने के आरोपी किया गिरफ्तार

**मेरठ।** यूपी एसटीएफ की टीम ने मुजफ्फरनगर में शहर कोतवाली क्षेत्र से चार टाइम बम बरामद किए हैं। इस मामले में आरोपी जावेद को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चार बोतल बम बरामद किए गए। एसटीएफ की टीम आरोपी युवक से पूछताछ कर रही है। मेरठ से बम निरोधक दस्ता भी बुलाया गया है। बताया गया कि ये टाइम बम मुजफ्फरनगर में ही बनाए जा रहे थे। यह बम बंतीखेड़ा थाना बाबरी निवासी एक महिला को दिए जाने थे। जावेद बम की डिलीवरी दे जा रहा था। तभी एसटीएफ ने उसे दबोच लिया। बाद में इन बमों को निष्क्रिय कर दिया गया।

## राष्ट्रीय युवा संसद... पुरस्कार विजेता सम्मानित




*नई दिल्ली। विश्वविद्यालयों-कॉलेजों के लिए 16वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता, 2019-20 का पुरस्कार वितरण समारोह शुक्रवार को नई दिल्ली में संसद परिसर में जीएमसी बालयोगी ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। कानून व न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुनराम मेघवाल ने प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए।*

### किसान यूनियन एकता (उगराहां) की चेतावनी

# पंजाब में भाजपा नेताओं के घरों पर आज व कल धरना

एजेंसी | चंडीगढ़

भारतीय किसान यूनियन एकता (उगराहां) ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व पर दबाव बनाने के लिए पंजाब के पार्टी के दिग्गज नेताओं के घरों के बाहर दो दिन धरने देने की घोषणा की है।

यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर सिंह उगराहां ने कहा कि 17 और 18 फरवरी को पंजाब में भाजपा के तीन नेताओं के घरों के बाहर यूनियन धरना देगी। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेन्द्र सिंह के पटियाला स्थित निवास, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ के अबोहर स्थित निवास और केवल सिंह ढिल्लों के बरनाला स्थित निवास के समक्ष धरने दिए जाएंगे।

### अब तक 400 किसान घायल-पंधेर

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने शंभू बार्डर पर मीडिया से बातचीत में आरोप लगाया कि आंदोलन में अब तक 400 किसान घायल हो चुके हैं, जिनमें से 70 लोगों की हालत गंभीर है। गंभीर रूप से घायल किसानों पटियाला, राजपुरा समेत अन्य अस्पतालों में उपचार हो रहा है। हैं। पंधेर ने कहा कि उम्मीद है कि रविवार को होने वाली बैठक सफल रहेगी और किसानों की सभी मांगों को हल किया जाएगा। पंधेर ने चेतावनी दी कि केंद्र किसानों को उकसाने की कोशिश न करे। उन्होंने साफ किया कि किसानों के मंच पर किसी भी सियासी पार्टी को समर्थन नहीं दिया जाएगा। क्योंकि बीते 75 सालों में किसी भी सरकार ने किसानों की मांगों को पूरा नहीं किया। इसलिए केंद्र सरकार गलत आरोप लगा कर किसानों की छवि को धूमिल करने का प्रयास न करे। पंधेर ने हिरासत में लिए किसानों की रिहाई की भी मांग की।



@ जीरकपुर टोल

### उपद्रवी कर रहे हैं पथराव-अंबाला पुलिस

अंबाला पुलिस ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट कर कहा किकिसान आन्दोलन की आड़ में उपद्रवियों द्वारा शम्भू बैरियर पर उत्पात मचाया जा रहा है। उपद्रवी पुलिस पर बार-बार पत्थरबाजी कर रहे हैं। इसमें पुलिस के 18 व पैरामिलिट्री के सात जवानों सहित कुल 25 जवान घायल हुए हैं।

### पंजाब व हरियाणा में बस सेवाएं रही ठप

संयुक्त किसान मोर्चा के 'भारत बंद' आह्वान के मद्देनजर शुक्रवार को पंजाब में सड़कों से बसें नदारद रहीं, जिसके चलते यात्रियों को काफी असुविधा हुई। किसानों ने कई स्थानों पर प्रदर्शन किया और पठानकोट, तरनतारन, बठिंडा और जालंधर में राष्ट्रीय राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया। हरियाणा के हिसार में, हरियाणा रोडवेज के कर्मचारियों ने 'भारत बंद' का समर्थन किया, जिसके चलते बस सेवाएं ठप रहीं। भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के सदस्यों ने हरियाणा के कई टोल प्लाजा पर धरना दिया और अधिकारियों पर यात्रियों से टोल टैक्स न वसूलने के लिए दबाव डाला।



@ अमृतसर बस स्टैंड

### आज पंचायत में तय होगी आगे की रणनीति:टिकैत

**मुजफ्फरनगर।** किसान नेता और भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने शुक्रवार को कहा कि मुजफ्फरनगर के सिसौली में शनिवार को आयोजित एक मासिक पंचायत में आगे की रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर बागोंवाली चौराहे पर किसानों के विरोध प्रदर्शन में भी भाग लिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार टिकैत ने कहा, हम फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी, स्वामीनाथन समिति की रिपोर्ट को लागू करने, किसानों की कर्ज माफी आदि मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी दिल्ली जाने की कोई योजना है, टिकैत ने कहा, शनिवार को सिसौली में मासिक पंचायत है, उसमें आगे की रणनीति तय करेंगे।

### केजरीवाल और संजय सिंह की याचिका खारिज



**अहमदाबाद।** गुजरात हाईकोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और राज्यसभा सांसद संजय सिंह की याचिकाओं को खारिज कर दिया। आम आदमी पार्टी के इन दोनों नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शैक्षणिक डिग्री को लेकर कथित तौर पर टिप्पणी की थी। इसके बाद इनके खिलाफ मानहानि का मामला दायर किया गया। दोनों नेताओं ने इस मामले में अपने खिलाफ जारी समन को रद्द करने का अनुरोध किया गया था। केजरीवाल और सिंह ने अपनी याचिकाओं में गुजरात विश्वविद्यालय द्वारा दायर मामले में एक निचली अदालत के समन और समन के खिलाफ उनकी पुनरीक्षण याचिकाओं को खारिज करने के सत्र अदालत के आदेश को चुनौती दी थी।

### मणिपुर में हिंसा, 2 लोगों की मौत

# उपद्रवियों का एसपी ऑफिस पर हमला

एजेंसी | इंफाल

मणिपुर में एक बार फिर हिंसा भड़क गई। सुरक्षाबलों के साथ झड़प में दो लोगों की मौत हो गई और दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। चिराचांदपुर जिले में गुरुवार देर रात उपद्रवियों ने एसपी ऑफिस पर हमला कर दिया। इसके बाद पुलिस को भी कार्रवाई करनी पड़ी। उपद्रवी एक निलंबित हेड कॉन्स्टेबल की बहाली की मांग कर रहे थे। बता दें कि यह पूरा मामला एक सेल्फी से जुड़ा हुआ था।

यह पूरा मामला एक सेल्फी से जुड़ा हुआ है। 14 फरवरी को हेड कॉन्स्टेबल का एक सेल्फी वीडियो सामने आया था जिसमें वह हथियारबंद लोगों के साथ दिखाई दे रहा था। ये लोग संदिग्ध उपद्रवी थे। इसके बाद एसपी ने हेडकॉन्स्टेबल को निलंबित कर दिया। इसके बाद गुरुवार देर रात करीब 400 की भीड़ ने एसपी कार्यालय को घेर लिया। उपद्रवियों ने कार्यालय पर



फाइल फोटो

पथराव किया और आगजनी भी की। प्रदर्शनकारियों के नियंत्रित करने के लिए रैपिट ऐक्शन फोर्स ने आंसू गैस के गोल दागे। गोली भी चली। इसमें कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। प्रदर्शनकारियों ने एसपी कार्यालय के सामने कई वाहनों को आग लगा दी।

**IRB कैंप में लूट मामले में सात कर्मी निलंबित:** मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में विशेष बल के चिंगारेल शिविर से हथियारों और गोला-बारूद की लूट के मामले में इंडिया रिजर्व बटालियन के सात कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। इन जवानों पर अपनी ड्यूटी में लापरवाही बरतने का आरोप हैं।

### विधि आयोग की कानून मंत्रालय से सिफारिश

# NRI के साथ विवाह का हो पंजीयन

एजेंसी | नई दिल्ली

विधि आयोग ने अनिवासी भारतीयों और भारतीय नागरिकों के बीच शादी से जुड़े धोखाधड़ी वाले मामलों में बढ़ोतरी पर चिंता जताई है। आयोग ने सिफारिश की है कि एनआरआई, प्रवासी भारतीयों और भारतीय नागरिकों के बीच सभी विवाह अनिवार्य रूप से भारत में पंजीकृत होने चाहिएं। इसके साथ ही आयोग ने इस समस्या से निपटने के लिए व्यापक कानून की भी मांग की है।

जस्टिस (रिटायर) रितु राज अवस्थी की अध्यक्षता वाली समित ने कानून मंत्रालय को 'अनिवासी भारतीयों और भारत के प्रवासी नागरिकों से संबंधित वैवाहिक मुद्दों पर कानून' संबंधी रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रस्तावित कानून एनआरआई के साथ-साथ भारतीय नागरिकों के साथ ही भारतीय मूल के विदेशी नागरिकों के विवाह से जुड़े सभी पहलुओं को पूरा करने के लिए व्यापक होना चाहिए। उन्होंने कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को लिखे अपने कवरिंग पत्र में कहा कि एनआरआई द्वारा भारतीय साझेदारों से धोखाखड़ी वाली शादियों की बढ़ती घटनाएं चिंताजनक हैं।



#### कानून में हों ये प्रावधान

पूर्व न्यायाधीश अवस्थी ने कहा, व्यापक केंद्रीय कानून में तलाक, जीवनसाथी के भरणपोषण, बच्चों की कस्टडी और भरणपोषण, एनआरआई और ओसीआई पर समन, वारंट या न्यायिक दस्तावेजों की तामील के प्रावधान भी शामिल होने चाहिए।

### 84 हजार 560 करोड़ रुपए के रक्षा सौदों को मंजूरी

# नौसेना व कॉस्ट गार्ड के लिए खरीदे जाएंगे टोही विमान

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र की मोदी सरकार देश के रक्षा कवच को और पुखता बनाने में लगी है। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को 84 हजार 560 करोड़ रुपए के रक्षा सौदों को मंजूरी दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने इस पर मुहर लगाई। इसके तहत एंटी-टैंक माइंस, एयर डिफेंस टेक्टिकल कंट्रोल रडार, उड़ान के दौरान ईंधन भरने वाले रिफ्यूलर एयरक्राफ्ट, हैवीवेट टॉरपीडो और समुद्री निगरानी विमान एवं गश्ती विमान खरीदे जाएंगे। सूत्रों के अनुसार नौसेना के लिए 9 समुद्री निगरानी विमान और भारतीय तटरक्षक बल के लिए 6 समुद्री गश्ती विमान खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सभी 15 विमान भारत में बनेंगे। उन्हें वायु सेना के सी-295 परिवहन विमान को मोडिफाइड कर बनाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट की कुल लागत 29 हजार करोड़ रुपए होगी।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि डीएसी ने सेना, नौसेना, वायुसेना और कॉस्ट गार्ड की क्षमता को बढ़ाने और इसे तकनीकी रूप से मजबूत करने की दिशा में अहम फैसला किया गया है। इस खरीद का बड़ा हिस्सा आत्मनिर्भर भारत के तहत स्वदेशी कंपनियों को दिया जाएगा।



#### एंटी टैंक माइन्स रिमोट डिएक्टिवेशन से होंगी लैस

रक्षा मंत्रालय ने कहा- नए एंटी टैंक माइन्स में सीसमिक सेंसर और रिमोट डिएक्टिवेशन के सुविधाओं से लैस होंगे। वहीं, टेक्टिकल कंट्रोल रडार से एयर डिफेंस सिस्टम को मजबूती मिलेगी। यह सिस्टम लो-फ्लाइंग टारगेट को ट्रैक करने के काम आएगा। इसके अलावा एक एंटी-आर्मर लॉयटर म्यूनिशन सिस्टम की खरीद के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। यह सिस्टम उन टारगेट को निशाना बनाने के लिए डिजाइन किया गया है, जो युद्धक्षेत्र में बेहद दूर रहते हैं। इसके अलावा, समुद्र में नेवी के जहाजों को लो-फ्रीक्वेंसी और लंबी दूरी पर ऑपरेट करने की क्षमता वाले एक्टिव टोड एरे सोनार भी खरीदे जाएंगे। इससे दुश्मन की सबमरीन को भी ट्रैक किया जा सकेगा। तटरक्षक बल लिए नए सॉफ्टवेयर के रेडियो सिस्टम भी खरीदे जाएंगे। हैवीवेट टॉरपीडो भी खरीदे हमारी पनडुब्बी क्षमता को मजबूती मिलेगी। ये सभी फैसले इज ऑफ डुइंग बिजनेस की नीतियों के तहत लिए गए हैं। इससे एमएस एमई सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही डिफेंस के स्टार्ट अप इकोसिस्टम में भी सही वातावरण बनेगा।

### भारत से जुड़ा धनशोधन मामला

# हांगकांग में गिरफ्तार किए गए सात आरोपी

एजेंसी | नई दिल्ली/हांगकांग

हांगकांग के सीमा शुल्क अधिकारियों ने शुक्रवार को 1.8 अरब डॉलर के क्षेत्र के सबसे बड़े धनशोधन मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया। इस रकम में से कुछ भारत में एक मोबाइल ऐप घोटाला मामले से संबंधित है। हांगकांग के सीमा शुल्क व उत्पाद शुल्क विभाग ने कहा कि गिरोह ने शहर में दर्ज एक मामले से जुड़ी सबसे बड़ी राशि को स्थानांतरित करने के लिए छद्म बैंक खातों और मुखौटा कंपनियों का इस्तेमाल किया। हांगकांग में सीमा शुल्क वित्तीय जांच ब्यूरो की प्रमुख सुजेट इप तुंग-चिंग ने मीडिया को बताया कि यह अभियान भारत में एक मोबाइल ऐप घोटाले और देश की दो आभूषण कंपनियों से जुड़ा था, जिन्होंने कथित तौर पर लगभग 2.9 अरब हांगकांग डॉलर (37.1 करोड़ अमेरिकी डालर) रकम की हेरफेर की। उन्होंने विवरण दिए बिना कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों में से कुछ हांगकांग के अनिवासी चीनी थे। इप ने कहा कि हांगकांग, भारत और अन्य जगहों पर कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने अभियान को अंजाम देने में सहयोग किया। संदिग्धों पर रत्न और इलेक्ट्रॉनिक्स से जुड़े लेनदेन के माध्यम से नकदी को वैध बनाने का आरोप लगाया गया था

## हीरक जयंती महोत्सव: रविंद्र मंच पर बिज्जी के नाटक का मंचन

# मन की शांति के लिए लाछी ने उतार कर फेंक दी रीति रिवाज की 'केंचुली'

**बेधड़क.जयपुर।** हीरक जयंती महोत्सव के अंतर्गत कला एवं संस्कृति विभाग तथा रविंद्र मंच की ओर से टैगोर थिएटर योजना के अंतर्गत सामाजिक नाटक केंचुली का मंचन 16 फरवरी को किया गया। नाटक के लेखक विजय दान देथा हैं एवं निर्देशन किया है युवा रंगकर्मी अभिषेक झाखल ने। नाटक पूरी तरह राजस्थानी रंग में रंगा हुआ रहा, जिसमें राजस्थान के लोक नृत्य कालबेलिया, घूमर, लोकगीत, शादियों में गाए जाने वाले लोकगीत तथा लोक वाद्यों का प्रयोग किया गया। कहानी की बात करें तो इसमें सांप की केंचुली से आदमी के जीवन में छिपे आडंबर को बड़े ही मार्मिक ढंग से दिखाया गया है। जिस तरह से सरपट दौड़ने वाला सांप केंचुली के आडंबर के कारण चाह कर भी टस से मस नहीं हो पाता है। उसी तरह हम इंसान भी न जाने ऐसी कितनी अदृश्य केचुलियों के आडंबर में जकड़ा हुआ है। समाज, रीति रिवाज, रिश्ते नाते, मान मर्यादा जाने कितने बंधन। अगर ये बंधन ना हो तो मानव कितना स्वच्छंद हो सकता है। नाटक की नायिका लाछी गुर्जरी भी ऐसे ही कितनी केंचुलियों के बंधन में थी, लेकिन शांति के लिए उसने इन सबका त्याग कर दिया।







### जब एक ही पल में टूट जाते हैं सारे सपने

लाछी गुर्जर के घर ब्याह कर आती है तो कई सपने अपने साथ लाती है, लेकिन वह सपने एक पल में तब टूट जाते हैं जब गांव का ठाकुर और उसके कांवरिया उसके साथ छेड़छाड़ करते हैं और उसका पति गुर्जर अपनी पत्नी का साथ देने के बजाय उसे ही डांटता है। फटकारता है। वह अपने पति की परख करने के लिए बार-बार भोजा को बुलाती है, परंतु पति के दिमाग में ऐसा कोई भी शक नहीं उत्पन्न होता है। वह ठाकुर के सामने अपनी पत्नी की अस्मिता के लिए आवाज नहीं उठाता तो लाछी गुर्जरी के मन में यह विचार आता है कि ऐसे पति के चाकरी करने का क्या मतलब है, तब वह फैसला लेती है और अपने सभी बंधनों को तोड़ने और अपने केंचुली उतार कर फेंकने का निर्णय लेती है। जब रीति रिवाज मान मर्यादा की केंचुली के बंधन में बांधने के बाद भी मन को शांति नहीं तो इन बंधनो का क्या फायदा। वह सोचती कि इस कुटुंब परस्ती की केंचुली उतारने में ही मुक्ति है। लाछी गुर्जरी के मन में चल रही उत्तर-पुथल का हल क्या है? यही नाटक में दिखाया गया है

### इन्होंने जीवंत किए किरदार

नाटक में विशाल भट्ट, डॉक्टर कपिल शर्मा, मोहम्मद अली, झिलमिल भट्ट, रिचा पालीवाल, मोहित कृष्णा ने दमदार अभिनय किया। सोविला माथुर, मैनेजर रविंद्र मंच ने बताया कि नाटक केंचुली का मंचन रविंद्र मंच के मिनी थिएटर में किया गया, जिसमें दर्शकों का प्रवेश निशुल्क रहा।

## महावीर पूजा विधान में गूंजे जयकारे



**बेधड़क. जयपुर।** मानसरोवर वरुण पथ के श्री दिगंबर जैन मंदिर का दो दिवसीय वार्षिक उत्सव भगवान महावीर पूजा विधान के साथ सम्पन्न हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में जैन बन्धु शामिल हुए। मंत्री ज्ञान बिलाला ने बताया कि मूलनायक भगवान महावीर एवं मानस्तंभ पर विराजमान सभी प्रतिमाओं के अभिषेक एवं शांति धारा संतोष-अलका कासलीवाल, अक्षय-आशा गोधा, विनोद-सुमन जैन टोडा वाले, मुकेश-रजत सत्यम कासलीवाल, संतोष-मंजू कासलीवाल, भंवरी देवी-निर्मल काला, विनेश-आरव सोगानी, सुरेश चंद जैन बांदीकुई, तेज लुहाड़िया, प्रदीप-हिमानी जैन, अजीत जैन बीओबी ने की। संगठन मंत्री विनेश सोगानी ने बताया कि सोधर्म इंद्र पूरणमल-ललिता देवी अनोपडा बने। पंडित प्रद्युम्न शास्त्री के निर्देशन में विधान का आयोजन किया गया। विधान में 108 जोड़ों ने पूर्णाहुति दी। महोत्सव में राजस्थान जैन युवा महासभा के अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा विशिष्ट अतिथि रहे। इस मौके पर राजेंद्र सोनी, कैलाश सेठी, विनेश सोगानी, मुकेश कासलीवाल, वीरेश जैन टीटी, अनिल दीवान, अजीत जैन, सुरेश जैन बांदीकुई, पदमचंद जैन भरतपुर, कमल गोदीका, सतीश कासलीवाल, निर्मल शाह, अनिल जैन सोड़ा वाले, हेमेंद्र सेठी, चंद्रकांता छाबड़ा, मिथिलेश गोधा, सुशीला टोंग्या, हिमानी जैन उपस्थित रहे।

## जरुरतमंद महिलाओं को बांटे कपड़े



**बेधड़क. जयपुर।** संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो जयपुर की ओर से संगिनी मेंबर्स के सहयोग से प्रताप नगर स्थित राज्य महिला सदन में रह रही जरुरतमंद बालिकाओं एवं महिलाओं को कपड़े वितरित किए गए।अध्यक्ष अम्बिका सेठी और संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा ने बताया कि सेवा कार्यों में पुष्पेन्द्र , रिंकू , पीयूष , मिताशा , मुस्कान, सुकृति पाटोदी, संगिनी की संयुक्त सचिव नीतू - प्रवीण जैन ने सहयोग प्रदान किया। संगिनी सदस्या दीपा जैन द्वारा केला, सन्तरा आदि फल उपलब्ध करवाए गए। अनिता जैन द्वारा 7 कम्बल दिये गये। संगिनी अध्यक्ष अम्बिका सेठी ने वर्षा राजपूत के 18 फरवरी को होने वाले विवाह के लिए एक नया लहंगा दिया। इस मौके पर सचिव रेखा पाटनी, संयुक्त सचिव नीतू जैन सहित अमिता साह, अर्चना जैन, माधुरी जैन, अंजू जैन, अनिता जैन ने अपनी सहभागिता निभाई।

## City इवेंट्स

### नवीन अध्यक्ष और विजय सचिव बने



**बेधड़क. जयपुर।** भारतीय सीए संस्थान की जयपुर शाखा के वर्ष 2024-25 के लिए प्रबंध कार्यकारिणी समिति के चुनाव शुक्रवार को हुए। इसमें सीए नवीन शर्मा को अध्यक्ष एवं सीए विजय कुमार अग्रवाल को सचिव चुना गया। इसके साथ ही कार्यकारिणी में सीए विकास यादव उपाध्यक्ष, सीए रुचि गुप्ता कोषाध्यक्ष, सीए अंकुर कुमार गुप्ता अध्यक्ष सीकासा बनाए गए हैं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सीए नवीन शर्मा एवं सचिव सीए विजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि पूरा जोर शाखा के विकास और समृद्धि पर रहेगा। उनका मुख्य उद्देश्य संस्था के उच्चतम हितों की प्रतिष्ठा, सीए सदस्यों एवं छात्रों की शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से पेशेवर विकास और अकाउंटेंसी और वित्तीय क्षेत्र में नैतिक और तकनीकी उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करना रहेगा।

### मेघेन्द्र शर्मा का जन्मदिन मनाया



**बेधड़क. जयपुर।** सांगानेर विधान सभा के समन्वयक एवं विज्ञान भारती के संगठन सचिव मेघेन्द्र शर्मा का सांगानेर विधान सभा की कोर टीम के साथियों ने जन्मदिन मनाया।

### बच्चों ने दी ग्रुप फ्यूजन की प्रस्तुति



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान संगीत संस्थान के वार्षिकोत्सव पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन व सरस्वती वंदना से किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर अरविंद मेंदोला ने अतिथि पूर्व उपमहापौर मनीष पारीक का स्वागत किया। प्रोफेसर विजयेन्द्र गौतम ने स्मृति चिन्ह प्रदान किया। कार्यक्रम में पीजी फाइनल गायन विद्यार्थियों ने प्रोफेसर सुनीता श्रीमाली के निर्देशन में ग्रुप फ्यूजन की शानदार प्रस्तुति दी। इसके अतिरिक्त प्रोफेसर शिवा व्यास के निर्देशन में सितार पर शुभंकर ओर ग्रुप समूह में वायलिन की विशेष प्रस्तुति दी। तबले के विद्यार्थियों ने प्रोफेसर वसुधा सक्सेना के निर्देशन में प्रस्तुति दी। नृत्य समूह में डॉ. कविता सक्सेना के विद्यार्थियों ने तराना कि प्रस्तुति दी। बीजेपी प्रवक्ता मनीष पारीक ने विद्यार्थियों को अकादमिक पुरस्कार दिए। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर डॉ. सुनीता श्रीमाली ने किया।

## क्रीड़ा भारती का सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम

# सूर्य नमस्कार का महत्व और इसकी उपयोगिता समझाई



**बेधड़क | जयपुर**

सांगानेर महानगर क्रीड़ा भारती की ओर से सूर्य सप्तमी पर सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुखपुरिया में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांगानेर महानगर क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष बिरदी चंद शर्मा, महानगर क्रीड़ा भारती उपाध्यक्ष मोहित टेलर(रामाज्), उपाध्यक्ष गिरिराज बागड़ा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत घुमंतू कार्य प्रमुख महेंद्र सिंह राजावत, सांगानेर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी राजीव चौहान, सुरेश शर्मा, सत्यनारायण छीपा, देवेंद्र भारद्वाज एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कार्यकर्ता बंधुओ ने भाग लिया। राजीव चौहान ने सूर्य सप्तमी व सूर्य नमस्कार के महत्व के बारे में विस्तार से बताते हुए विद्यार्थी जीवन में इसकी उपयोगिता के विषय में बताया। कार्यक्रम में महानगर इकाई अध्यक्ष बिरदी चंद जी शर्मा ने सभी को सूर्य नमस्कार दैनिक जीवन में नियमित रूप से करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में मोहित टेलर, गिरिराज एवं सभी अतिथियों ने कार्यकर्ताओं व विद्यार्थियों को मोटिवेट किया। सांगानेर महानगर क्रीड़ा भारती संयोजक मनीष शर्मा, सह संयोजक सत्यवीर योगी व सुनील शशि द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सांगानेर महानगर क्रीड़ा भारती संयोजक मनीष शर्मा ने महानगर इकाई द्वारा किए हुए कार्य एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर जानकारी दी।

## संगीत समारोह 20 से, अव्वल को मिलेंगे 1 लाख

# 10 राज्यों की चालीस प्रतिभाएं दिखाएंगी अपनी गायन प्रतिभा





**बेधड़क | जयपुर**

सुर संगम संस्थान का 34वां तीन दिवसीय राष्ट्रीय युवा संगीत समारोह 20 से 22 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा।

समारोह जवाहर कला केन्द्र की सहभागिता में कला एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। सुर संगम के अध्यक्ष के.सी मालू और सचिव मुकेश अग्रवाल ने बताया कि समारोह में जयपुर सहित देश के 10 राज्यों की 40 प्रतिभाएं केन्द्र के रंगायन ऑडिटोरियम में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। जाने-माने मोहनवीणा वादक ग्रेमी अवार्ड विजेता पं. विश्व मोहन भट्ट समारोह के मुख्य निर्णायक तथा मुंबई के शास्त्रीय गायक और म्यूज़िक कंपोज़र भवदीप जयपुर वाले, शास्त्रीय गायिका भावना लोनकर और शास्त्रीय गायिका चेतना बनावत निर्णायक की भूमिका में रहेंगे।

विश्व मोहन भट्ट 21 फरवरी को होने वाले मेगा फाइनल राउंड के निर्णायक होंगे। 22 फरवरी को सुबह 10:30 बजे से पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा।

इस दिन कुछ अतिथि कलाकार भी गायन और वादन के कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। सुरसंगम के सचिव मुकेश अग्रवाल ने बताया की सिरमौर मुकाबलों के बाद चयनित प्रतिभाओं को लाखों रुपए के नकद इनाम दिए जाएंगे। पहले स्थान पर रहने वाले को 1.00 लाख रूपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा भी विजेताओं को कई नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।

**फनगामा** रवींद्र मंच पर पर क्यूरिओ चिल्ड्रंस थिएटर एंड परफॉर्मिंग आर्ट सोसाइटी ने किया बाल नाटक का मंचन


# समाज में बच्चों के बढ़ते शोषण का आइना 'रुद्ध शैशव'

**बेधड़क | जयपुर**

राष्ट्रीय बाल नाटय समारोह फनगामा में रवींद्र मंच पर शुक्रवार को बीकानेर की नव जन जागृति विचार कल्याण संस्था द्वारा रूद्ध शैशव (अवरुद्ध बचपन) नाटक का मंचन किया गया। यह नाटक कई मायनों में विशेष रहा, लेखक की कहानी और कलाकारों की नाट्य कला नाटक का विशेष आकर्षण रहे। नाटक में समाज में बच्चों के बढ़ते शोषण पर प्रकाश डाला गया। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से क्यूरियो चिल्ड्रंस थिएटर एंड परफॉर्मिंग आर्ट सोसाइटी जयपुर द्वारा आयोजित इस समारोह में मंचित नाटक रुद्ध शैशव की मुख्य पात्र दीया उन समस्त बच्चों की प्रतिनिधित्व करती हैं, जिन्हें किसी कारणवश बचपन में किसी घर, दुकान, फैक्ट्री में काम पर लगा दिया जाता है। ऐसे कार्य स्थलों पर इन बच्चों का शारीरिक व मानसिक शोषण किया जाता है जिससे इन बच्चों का बचपन अवरुद्ध हो जाता है।

### दीया बच्चों के जीवन में लाती है रोशनी

नाटक की पात्र दीया को उसके मालिक व मालकिन अपने घर में बंद करके मेले में चले जाते हैं। दीया उस बंद घर में अपने गांव को, अपने घर को,अपने दोस्तों को और प्रकृति को याद करते हुए दुखी होती है। दीया, मालिक के घर में उसके साथ हो रही प्रताड़नाओं के कारण स्वयं को मलिक के घर से बाहर निकलने की पुकार लोगों से करती है। एक समय आता है जब वो पक्षी की तरफ वहां से उड़कर खुद को और ऐसे बहुत से बच्चों को अपने जैसी कैद से बाहर निकालती है।



### इन्होंने निभाए किरदार

मंच पर प्रियंका आर्य, दीपांशु पांडे, प्रियांशु सोनी और अनिल बांधड़ा ने विभिन्न किरदारों को जीवंत किया। संगीत मोहित शर्मा ने दिया। इसे सूकमल मोइत्रा ने लिखा और सुरेश आचार्य ने इसका डाइरेक्शन किया।

### अजन्मों का नगर-गुड्डी का मंचन आज

फनगामा में 17 फरवरी को कृष्ण कला केंद्र, नाथद्वारा की बाल लोक गायिका नेहल शर्मा के लोक गायन की प्रस्तुति देंगी। उसके बाद डॉक्टर सौरभ भट्ट के निर्देशन में स्माइल एंड होप संस्था जयपुर की प्रस्तुति अजन्मों का नगर और गुड्डी का मंचन होगा।

### समर्थकों ने जताई हत्या की आशंका

# पुतिन के धुर विरोधी नवलनी की जेल में मौत

**एजेंसी** | मॉस्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के धुर-विरोधी माने जाने वाले विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत हो गई है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स की खबर के मुताबिक, एलेक्सी नवलनी पिछले काफी समय से जेल में जेल में बंद थे। नवलनी के सहयोगी रूसी अधिकारियों के एक कथित कबूलनामे के आधार पर नवलनी की जेल में हत्या की आशंका जता रहे हैं। रूस में अगले महीने राष्ट्रपति चुनाव होना है। ऐसे में नवलनी की मौत को बड़ी घटना माना जा रहा है। एलेक्सी नवलनी की मौत यमालो-नेनेट्स क्षेत्र की जेल में हुई है। यमालो-नेनेट्स क्षेत्र की जेल सेवा ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि 16 फरवरी, 2024 को दंड कॉलोनी नंबर तीन में दोषी एलेक्सी नवलनी को टहलने के बाद अस्वस्थ महसूस हुआ और वह तुरंत बेहोश हो गया। नवलनी के बेहोश होने के बाद जेल का मेडिकल स्टाफ तुरंत पहुंचा। इसके बाद एम्बुलेंस टीम को बुलाया गया। जेल के मुताबिक उन्हें बचाने की हरसंभव कोशिश की गई, लेकिन उनको नहीं बचाया जा सका। एंबुलेंस के डॉक्टरों ने दोषी नवलनी की मौत की पुष्टि कर दी। मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है।



### 19 साल जेल की मिली थी सजा



रूस के सबसे प्रमुख विपक्षी नेता और पुतिन के मुखर आलोचक एलेक्सी नवलनी को चरमपंथ के आरोप में पिछले साल अगस्त में एक रूसी अदालत ने 19 साल और जेल की सजा सुनाई थी। जेल कॉलोनी, जहां नवलनी अपनी सजा काट रहा था, वह मास्को से लगभग 1,900 किमी (1,200 मील) उत्तर-पूर्व में यमालो-नेनेट्स क्षेत्र में गंभीर स्थितियों के लिए कुख्यात है। इस बीच क्रेमलिन ने दावा किया है कि उसे नवलनी की मौत के कारण के बारे में कोई जानकारी नहीं है। क्रेमलिन ने एक बयान में कहा कि जेल सेवा उनकी मौत के संबंध में सभी जांच कर रही है। हालांकि, एलेक्सी नवलनी के एक सहयोगी लियोनिद वोल्कोव ने एक्स पर कहा है कि वह उनकी मौत की पुष्टि करने में असमर्थ हैं। लियोनिद वोल्कोव ने लिखा, रूसी अधिकारियों ने एक कबूलनामा प्रकाशित किया है कि उन्होंने जेल में एलेक्सी नवलनी की हत्या कर दी। हमारे पास इस खबर की पुष्टि करने या यह साबित करने का कोई तरीका नहीं है कि यह खबर सच नहीं है।

### ब्रिटिश उपचुनाव में प्रधानमंत्री सुनक को दोहरा झटका

# दो सीटों पर मिली हार

**एजेंसी** | लंदन

ब्रिटेन में इस वर्ष के अंत में होने वाले आम चुनाव से पहले हुए उपचुनाव में ब्रिटिश प्रधान मंत्री ऋषि सुनक को दोहरा झटका लगा है। विपक्षी लेबर पार्टी ने शुक्रवार उपचुनाव में जीत हासिल की है। लेबर पार्टी के डैन एगन ने दक्षिण-पश्चिम इंग्लैंड के किंग्सवुड की हाउस ऑफ कॉमन्स सीट जीती और पार्टी के जेन किचन ने इंग्लैंड के ईस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र में वेलिंगबोरो में जीत हासिल की।

गौरतलब है कि दिसंबर 2019 में बोरिस जॉनसन के नेतृत्व में पिछले आम चुनाव में कंजर्वेटिव्ज ने निर्णायक अंतर से दोनों सीटें जीती थीं। टोरी नेता क्रिस स्किडमोर द्वारा सुनक की हरित नीतियों के विरोध में सांसद पद से इस्तीफा देने के बाद किंग्सवुड में उपचुनाव हुआ था। लेबर पार्टी के एगन किंग्सवुड सीट पर 11 हजार से अधिक के बहुमत को पलटने में कामयाब रहे। लेबर नेता सर कीर स्टार्मर ने कहा कि किंग्सवुड और वेलिंगबोरो के नतीजे दिखाते हैं कि लोग बदलाव चाहते हैं और इसे पूरा करने के लिए लेबर पार्टी में अपना विश्वास रखने के लिए तैयार हैं। टोरीज विफल हो गए हैं।



### करनी होगी अधिक तैयारी

दो सीटों पर मिली हार के बाद पीएम ऋषि सुनक ने कहा कि कंजर्वेटिव पार्टी को मिली हार से पता चलता है कि हमारी पार्टी को इस साल के अंत में होने वाले आम चुनाव से पहले अधिक काम करना होगा। अगर हम परिणामों को देखें तो पता चलेगा कि इस बार यहां मतदान काफी कम हुआ है। लोगों को दिखाना है कि हम उनकी प्राथमिकताओं पर काम कर रहे हैं और मैं ऐसा करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं।

# पीटीआई नेताओं के खिलाफ कार्रवाई तेज

**एजेंसी** | लाहौर

पाकिस्तान में चुनाव के नतीजे आने के बाद प्रधानमंत्री पद को लेकर संशय बरकरार है। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को गिरफ्तार किया और पूरे पंजाब प्रांत में उनकी संपत्तियों पर छापेमारी जारी है।

जानकारी के अनुसार, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में मुख्यमंत्री पद के लिए पीटीआई द्वारा नामांकित उम्मीदवारों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं। इसके अलावा, संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने इमरान खान की बहन अलीमा खान को भी तलब किया है। इसके अलावा लाहौर में 9 मई को हुए दंगों के मामले में पुलिस ने पीटीआई समर्थित नेता अहमर रशीद भट्टी को रायविंड से गिरफ्तार किया है।

### उमर अयूब की गिरफ्तारी की आशंका

पीटीआई ने प्रधानमंत्री पद के लिए उम्मीदवार के रूप में उमर अयूब आगे किया, जिन्हें संसद में जाने से रोका जा सकता है और इसके लिए उनकी गिरफ्तारी की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, आशंका को देखते हुए एक स्थानीय अदालत से उन्हें जमानत मिल गई है। अयूब ने एजेंसियों की ओर इशारा करते हुए कहा कि सियालकोट से पीटीआई समर्थित एमएनए असलम घुम्मन का अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया है।

## समलैंगिक विवाह अब ग्रीस में वैध

**एजेंसी** | ग्रीस

ग्रीस संसद ने ऐतिहासिक परिवर्तन के साथ समलैंगिक विवाह को वैध बनाने वाले एक कानून को आखिरकार मंजूरी दे दी है।


कानून पारित होने के बाद से एलजीबीटीक्यू+ समुदायों में खासा उत्साह है। ग्रीस अब विवाह समानता स्थापित करने वाला पहला बहुसंख्यक रूढ़िवादी ईसाई देश बन गया है। कानून पर वोटिंग में 300 में से 176 सांसदों ने पक्ष में व 76 ने विरोध में वोट दिया।

### 60 साल के अल्बनीज ने की गर्लफ्रेंड से सगाई

# ऑस्ट्रेलियाई पीएम रचाएंगे शादी

**एजेंसी** | कैनबरा

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने अपनी गर्लफ्रेंड जोडी हेडन के साथ सगाई का ऐलान किया है। 60 साल के अल्बनीज ने सोशल मीडिया X पर हेडन (45) के साथ अपनी तस्वीर शेयर करते हुए इसका खुलासा किया। तस्वीर में हेडन नई हीरे की अंगूठी पहने हुए दिख रही हैं। अल्बनीज ने तस्वीर के कैप्शन में लिखा, 'उसने हां कर दिया।' यह पहली बार होगा जब ऑस्ट्रेलिया में कोई प्रधानमंत्री अपने कार्यकाल के दौरान शादी करेगा। पीएम अल्बनीज ने कहा कि उन्होंने प्रपोजल के लिए काफी प्लानिंग की थी। हालांकि शादी से जुड़े किसी भी सवाल का उन्होंने जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा, 'अभी हमारे बीच चर्चाएं होंगी, फिलहाल हम इस पल को जीना चाहते हैं।' दोनों ने बुधवार रात वेलेंटाइन डे डिनर किया। पीएम आवास पर लौटने के बाद बालकनी पर अल्बनीज ने हेडन से उनके साथ शादी करने के बारे में पूछा। कपल ने एक संयुक्त बयान में कहा, 'हम इस खबर को बताने के लिए रोमांचित और उत्साहित हैं और अपना बाकी का जीवन एक दूसरे के साथ बिताने के लिए उत्सुक हैं।'



### 5200 साल पुरानी कहानी आई सामने

# दलदल में हुई थी 'विट्रुप मैन' की मौत

**एजेंसी** | डेनमार्क

डेनमार्क के इतिहास में सबसे पुराने ज्ञात अप्रवासी 'विट्रुप मैन' की मौत दलदल में हुई थी। लगभग 5,200 साल पहले, उत्तर पश्चिमी डेनमार्क में एक पीट बोग में एक आदमी 'विट्रुप मैन' का जीवन हिंसक रूप से समाप्त हो गया था। अब वैज्ञानिकों ने उन्नत आनुवंशिक विश्लेषण का उपयोग कर इसकी अप्रत्याशित कहानी बताई है। उत्तरी यूरोप में खोजी गई विशिष्ट रूप से संरक्षित 'एक्सीडेंटल मम्मीस' बोग बॉडीज ने लंबे समय से शोधकर्ताओं को अपनी ओर आकर्षित किया है, लेकिन एक नए अध्ययन से पता चलता है कि यह पहली बार है जब विशेषज्ञों ने मृतक के जीवन इतिहास को इस हद तक मैप किया है।

1915 में पीट काटने के दौरान डेनमार्क के विट्रुप में एक पीट के दलदल में उस व्यक्ति के अवशेष पाए गए थे। उसके दाहिने टखने की हड्डी, निचले बाएं पिंडली की हड्डी, जबड़े की हड्डी और खोपड़ी एक लकड़ी के क्लब के साथ पाए गए थे। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि 3100 ईसा पूर्व और 3300 ईसा पूर्व के बीच किसी समय लकड़ी के क्लब से सिर पर कम से कम आठ बार वार करने के बाद उनकी मृत्यु हो गई।



### स्कैंडिनेविया में हुआ था पैदा

विट्रुप मैन के दांतों के इनेमल, टार्टर और हड्डी के कोलेजन के विश्लेषण से पता चला कि विट्रुप मैन संभवतः स्कैंडिनेवियाई प्रायद्वीप के तट पर पैदा हुआ और बड़ा हुआ। स्कैंडिनेविया में, विट्रुप मैन संभवतः उत्तरी शिकारी-संग्रहकर्ता समुदाय से संबंधित था, जो मछली, सील और व्हेल के आहार का आनंद लेता था, जिससे पता चलता है कि वनवासियों के पास जहाज थे।

### बलि के लिए मारा गया!

40 से अधिक वर्षों से पाषाण युग की संस्कृतियों पर शोध करने वाले फिशर ने कहा, "मारे जाने और दलदल में फेंके जाने से पहले विट्रुप मैन का जीवन उल्लेखनीय था।" शोधकर्ताओं का मानना है कि उन्हें बलि के लिए मार दिया गया था, जो उस समय इस क्षेत्र में एक आम बात थी।







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl